CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 14°C
न्यूनतम : 06°C

हल्द्वानी, रविवार 25 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 151 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं: मायावती पेज 2



बांग्लादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड : आईसीसी खेल टाइम्स



भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका! पेज 11




तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज पेज 11



लखनऊः राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के दौरान प्रदर्शन करते कलाकार।

# 2047 तक उप्र बनेगा देश को दिशा देने वाला राज्यः शाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ केंद्रीय गृह मंत्री ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर कहा: आज यह संकल्प लेने का दिन**



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि आज यह संकल्प लेने का दिन है कि वर्ष 2047 तक घनी आबादी वाला यह प्रदेश एक विकसित राज्य बनकर देश को नई दिशा देगा।

उन्होंने कहा कि वह देश, दुनिया और प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक उत्तर प्रदेशवासी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश वह पावन भूमि है, जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, बाबा विश्वनाथ सहित अनेक युग-प्रवर्तकों की भूमि है। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल का भ्रमण कर प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। गृह मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल राष्ट्र की चेतना और जागृति का केंद्र बनेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में निर्मित यह पार्क आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगा। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर कभी 65 एकड़ क्षेत्र में कूड़े का ढेर हुआ करता था, वहां आज एक भव्य और प्रेरणादायक स्थल तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' योजना को भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल किया गया था, जो आज पूरे देश में लागू हो चुकी है। यहां प्रदेश के सभी जिलों के व्यंजनों का मेला लगा है और उत्तर प्रदेश के व्यंजन विश्वभर में अपनी पहचान बना चुके हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में डकैती और लूट की घटनाओं में बड़ी कमी आई है। साथ ही कनेक्टिविटी में भी व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने हर कालखंड में देश को सुरक्षित और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आगामी चुनावों का उल्लेख करते हुए गृह मंत्री ने प्रदेश की जनता से भाजपा को प्रचंड बहुमत देने की अपील की। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां विकास नहीं कर सकतीं। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण किया है और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस रिहर्सल के लिए मध्य दिल्ली में यातायात प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल से पहले एक यातायात सलाह जारी की, जिसमें मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में यातायात प्रतिबंधों की जानकारी दी गई है। सलाह के अनुसार, रिहर्सल सुबह 10:15 बजे विजय चौक से शुरू होगी और कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर बढ़ेगी। पुलिस ने बताया कि समारोह के सुचारू संचालन के लिए, कर्तव्य पथ विजय चौक और इंडिया गेट के बीच सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सभी प्रकार के यातायात के लिए बंद रहेगा। प्रतिबंधित समय के दौरान रफी मार्ग, जनपथ और मान सिंह रोड सहित प्रमुख चौराहों पर कर्तव्य पथ पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। सलाह में आगे कहा गया है कि इंडिया गेट के आसपास सुबह 10:15 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सियासी जमीन मजबूत करने में जुटी कांग्रेस को शनिवार को बड़ा झटका लगा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, उप्र प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को अपना इस्तीफा प्रेषित किया है। इस्तीफे को उप्र जैसे महत्वपूर्ण राज्य में कांग्रेस के लिए एक बड़े सियासी झटके के रूप में देखा जा रहा है।

### तिरुवनंतपुरम नगर-निगम ने भाजपा पर लगाया जुर्माना

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम नगर निगम ने भाजपा पर 19.7 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना पीएम मोदी के केरल दौरे के दौरान शहर में फुटपाथों पर फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर लगाया गया है। बोर्ड लगाने से क्षेत्र के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के सचिव की शिकायत के बाद कैंटोनमेंट पुलिस ने शुक्रवार देर रात भाजपा जिला अध्यक्ष करमना जयन के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयासः पीएम मोदी

## 18वें रोजगार मेले में प्रधानमंत्री ने 61 हजार से अधिक युवओं को नियुक्ति पत्र सौंपे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ प्रधानमंत्री ने कहा: आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर**



> आज बड़ी संख्या में महिलाएं स्टार्टअप के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्यमों में निदेशक और संस्थापक हैं, जबकि कई महिलाएं गांवों में सहकारी क्षेत्रों और स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं, आज देश ने जीवन और व्यापार दोनों को आसान बनाने के उद्देश्य से सुधार की रफ्तार पकड़ ली है, जीएसटी में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों से युवा उद्यमियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को लाभ हुआ है, वहीं ऐतिहासिक श्रम सुधारों ने श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है...
>
> **- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक बताते हुए कहा है कि सरकार देश की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित किया और 61 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत लोगों के जीवन में नई खुशियां लेकर आई और साथ ही नागरिकों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से भी जोड़ा है। उन्होंने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसी दिन संविधान ने 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर 61 हजार से अधिक युवा सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। श्री मोदी ने इन नियुक्ति पत्रों को राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण और विकसित भारत के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि अनेक युवा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, वित्तीय सेवाओं और ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है।

# चुनौतियों का सामना करने को युवाओं का सशक्त रहना जरूरीः राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ रक्षा मंत्री ने एनसीसी के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी किया आह्वान**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया। श्री सिंह ने शनिवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी को देश की 'दूसरी रक्षा पंक्ति' बताया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई जब पूरा देश इस अभियान के दौरान अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया, जो पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण और कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब था। हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ कार्रवाई की। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई, किसी और को नहीं। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे सैनिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। रक्षा मंत्री ने युवाओं की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से की जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करना और उससे विजई होकर बाहर निकलना जानते हैं। उन्होंने युवाओं से सरकार के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया।

# सीएम धामी ने दिए DIG के निलंबन के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में कार्रवाई**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दीसामग्री खरीद से जुड़े घोटाले में संलिप्त पाए जाने पर निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

प्रकरण वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान होमगाड्र्स के लिए वर्दीसामग्री की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा है, जिसमें टेंडर प्रक्रिया में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए थे। महानिदेशक, होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा, देहरादून की ओर से शासन को भेजी गई रिपोर्ट में टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई। महादिनदेशक की संतुति पर सीएम धामी ने डिप्टी कमांडेंट को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता या भ्रष्ट आचरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के बनिहाल के पास भारी बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन फंस गए। अधिक बर्फबारी होने के कारण राजमार्ग लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा।

### बारिश के बावजूद दिल्ली की हवा 'खराब' श्रेणी में बरकरार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को हुई बारिश और तापमान में गिरावट के बावजूद शनिवार को एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बनी रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, शहर के कुछ इलाकों में प्रदूषण का स्तर अब भी 'बेहद खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक शनिवार सुबह दिल्ली का औसत एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में रहा, जिसमें सूक्ष्म कणों (पीएम 2.5) की अधिकता देखी गई।

# कर्तव्य पथ पर पहली बार दिखेगी सेना की रणभूमि व्यहू रचना

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रणभूमि व्यूह रचना यानी 'बैटल एरे' की दुर्लभ झलक दिखाई देगी, जिसमें सेना अपने सशक्त और भविष के किसी भी तरह के युद्ध के लिए तैयार स्वरूप का प्रदर्शन करेगी। यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को श्रद्धांजलि होगी।

इसके अंतर्गत सेना के जवान पहली बार एक विशिष्ट और अनोखी रणभूमि व्यूह रचना बैटल एरे फॉर्मेशन में दिखाई देंगे। इसमें दर्शकों को आधुनिक युद्धक्षेत्र में एकीकृत,नेटवर्क-सक्षम और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में सेना की तैनाती और युद्ध प्रणाली की दुर्लभ झलक देखने को मिलेगी। सेना की झांकी में एक एकीकृत संचालन केंद्र को प्रदर्शित किया जाएगा, जो सुदर्शन चक्र के सुरक्षा कवच के अंतर्गत संयुक्त योजना, सटीक लक्ष्य निर्धारण और वायु रक्षा को दर्शाएगा, तथा यह बताएगा कि आधुनिक युद्धों की योजना और क्रियान्वयन वास्तविक समय में कैसे किया जाता है। परेड के इतिहास में पहली बार भारतीय सेना के मार्चिंग और यांत्रिक कॉलम को युद्ध-केंद्रित आक्रामक फार्मेशन में संगठित किया जाएगा, जिसमें यह दिखाया जाएगा कि सैन्य अभियानों के दौरान बलों का उपयोग किस क्रम में किया जाता है। 'बैटल एरे' एक तैयार, सक्षम और त्वरित जवाबी कार्रवाई वाली भारतीय सेना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें खुफिया, निगरानी और टोही तत्व, यांत्रिक बल, विमानन संसाधन, स्पेशन फोर्स, तोपखाना, वायु रक्षा और लॉजिस्टिक्स को एक सुसंगठित संचालन ढांचे में एकीकृत किया गया है। यह व्यूह रचना डेटा-केंद्रित अभियानों, लंबी दूरी की सटीक मारक प्रणालियों और स्वदेशी प्लेटफॉर्मों के माध्यम से शत्रु क्षेत्र में गहराई तक निगरानी, निर्णय लेने और प्रहार करने की भारतीय सेना की क्षमता को दर्शाती है।

# यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश

**■ उत्तरकाशी-चमोली में 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी**

**नई दिल्ली।** देश के सबसे उत्तरी 3 राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में गुरुवार-शुक्रवार से शुरू हुई बर्फबारी देर शाम तक चली। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा में चारों तरफ बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है।

उधर, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। मैदानी इलाकों में लगभग एक फुट और ऊपरी पहाड़ी क्षेत्रों में 2-3 फीट बर्फ जम गई है। श्रीनगर एयरपोर्ट शनिवार को भी नहीं खुल सका। एनएच-44 लगातार दूसरे दिन बंद है। मौसम विभाग ने तीनों राज्यों में ऊंचे इलाकों में एवलांच (हिमस्खलन) की चेतावनी जारी की है। इधर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से राजस्थान में ओले-बारिश के बाद तापमान 10 डिग्री तक गिर गया है। राज्य के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा माइनस 7 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में ओस जम गई।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य की जनता को बधाई दी और कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बीमारू श्रेणी से बाहर निकलकर बेमिसाल प्रदेश बनने का गौरवपूर्ण सफर तय किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर जारी अपने संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में उत्तर प्रदेश का अमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने लिखा कि भारतीय संस्कृति और विरासत की समृद्धि में अमूल्य योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

### श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना किन्नर अखाड़ा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले में किन्नर अखाड़ा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। माघ मेले के सेक्टर छह में स्थित किन्नर अखाड़े के शिविर में आए किन्नर संत न केवल कल्पवास कर रहे हैं, बल्कि प्रमुख स्नान पर्वों पर धूमधाम से पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी भी लगा रहे हैं। इसके साथ ही किन्नर अखाड़े में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान अघोर तंत्र साधना भी की जा रही है। किन्नर अखाड़े में हर दिन शाम को आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जमकर भीड़ उमड़ रही है। माघ मेले में किन्नर संतों द्वारा हर दिन कृष्ण की लीलाओं का मंचन किया जा रहा है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंच रहे हैं। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर और यूपी की प्रदेश अध्यक्ष स्वामी कल्याणी नंद गिरी उर्फ छोटी मां ने देर शाम भगवान श्री कृष्ण की रास लीला का मंचन किया।

# उप्र दिवस पर पांच जिलाधिकारी सम्मानित

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बेहतर प्रदर्शन पर मिला सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों के जिलाधिकारियों को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह ने एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का भी शुभारंभ किया। गृह मंत्री के हाथों विग कमांडर शुभांशु शुक्ल को अंतरिक्ष यात्रा,अलख पांडेय को शिक्षा, उद्यमिता व स्वावलंबन के क्षेत्र में, सुश्री रश्मि आर्य को शिक्षा एवं नवाचार के लिए, डा. हरिओम पंवार को साहित्य तथा डा. सुधांशु सिंह को कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इसके अलावा सीएम युवा योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीएम जौनपुर डा. दिनेश चंद्र,डीएम आजमगढ़ रवींद्र कुमार, डीएम हरदोई अनुनय झा, डीएम अंबेडकरनगर अनुपम शुक्ल और डीएम झांसी मृदुल चौधरी को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग 'उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश' ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर 'संपूर्ण उत्तर प्रदेश' उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के सांस्कृतिक संगम में अतिथियां ने आनंद की डुबकी लगाई।

# भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है उप्र की धरती :मुर्मू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को मेरी शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति की यह धरती भारत की विकास यात्रा में एक मजबूत आधार स्तंभ रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। मैं इस राज्य के मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रदेश के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना भी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरे प्रिय प्रवासी बहनों और भाइयों, विदेश में रहकर अपने परिश्रम, प्रतिभा और मूल्यों के माध्यम से आपने उत्तर प्रदेश और भारत का मान वैश्विक मंच पर बढ़ाया है। हमारी सरकार आपके अनुभव और ज्ञान को प्रदेश की विकास यात्रा से जोड़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आप सभी को उत्तर प्रदेश दिवस की हृदय से बधाई और मंगलमय शुभकामनाएं। उन्होंने युवाओं से विचार, तकनीक और चरित्र में आत्मनिर्भर बनने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इसके लिए उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में सेना शाखा और भारतीय सेना इंटर्नशिप कार्यक्रम 2025-26 जैसी पहलों का उल्लेख किया।

# जातिगत जनगणना केवल भाजपा का जुमला: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का केवल जुमला है। केंद्र सरकार द्वारा जारी जनगणना की अधिसूचना में जाति का कोई कॉलम ही नहीं है, ऐसे में गिनती किस बात की होगी।

श्री यादव ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि भाजपा का सीधा फार्मूला है, गिनती होगी और न ही आनुपातिक आरक्षण व अधिकार देने के लिए कोई जनसांख्यिकीय आधार तैयार होगा।ष उन्होंने इसे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के खलिाफ एक सुनियोजित साजशि बताया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भाजपा पर भरोसा करने वाले लोग खुद को ठगा हुआ और अपमानित महसूस कर रहे हैं। उनका दावा है कि जो भाजपा कार्यकर्ता और नेता अब तक जातिगत जनगणना कराने का दावा कर रहे थे, वे अब अपने समाज में जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे लोग अब भाजपा के झंडे और प्रतीक हटाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि पीडीए समाज को अपने मान-सम्मान, आरक्षण और अधिकारों की लड़ाई खुद लड़नी होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब इस मुद्दे पर विरोध तेज होगा तो भाजपा इसे टाइपिंग मिस्टेक बताकर बचने की को. शिश करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है और जनता उसके इरादों को समझ चुकी है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर वचन से मुकरने का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वचन-विमुखी शब्द का अर्थ ही भाजपा बन चुका है। उल्लेखनीय है कि संभल में एक हिन्दू महंत की याचिका पर सिविल अदालत ने शाही जामा मस्जिद का 'कमिश्नर एडवोकेट सर्वे' का आदेश पारित किया था।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर इशारा करते हुए बोलीं मायावती

# धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनी. ति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है: पूर्व सीएम

**लखनऊ।** माघ मेला में शंक. राचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है।

सुश्री मायावती ने शनिवार को कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति और राजनीति को धर्म से जोड़ने का खतरा हमेशा से बना रहा है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण माघ मेला में स्नान को लेकर उपजा विवाद है जिसमें एक दूसरे का अनादर और आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। देश का संविधान और कानून जनहित के कार्य को ही राष्ट्रीय धर्म मानता है और धर्म को राजनीति से दूर रहने की नसीहत देता है ताकि जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्य का सही ढंग से इस्तेमाल कर सकें।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी किसी भी धर्म के पर्व, त्योहार, पूजापाठ, स्नान आदि में राजनीतिक लोगों का हस्तक्षेप एवं प्रभाव पिछले कुछ वर्षों से काफी बढ़ गया है, जो नए-नए विवाद, तनाव व संघर्ष आदि का कारण बन रहा है, यह सही नहीं है तथा इन सबको लेकर लोगों में दुख एवं चिन्ता की लहर स्वाभाविक है। वास्तव में संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के लिए धर्म को राजनीति तथा राजनीति को धर्म से जोड़ने के कई खतरे हमेशा बने रहते हैं तथा प्रयागराज में स्नान आदि को लेकर चल रहा विवाद, एक-दूसरे का अनादर व आरोप-प्रत्यारोप इसका ताजा उदाहरण है। इससे हर हाल में जरूर बचा जाना ही बेहतर। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि वैसे भी देश का संविधान व क़ानून ईमानदारी से जनहित व जनकल्याणकारी कर्म को ही वास्तविक राष्ट्रीय धर्म मानकर राजनीति को धर्म से तथा धर्म को राजनीति से दूर रखता है, जिस पर सही नीयत व नीति से अमल हो, ताकि राजनेतागण अपना सही संवैधानिक दायित्व, बिना किसी द्वेष व पक्षपात के, सर्वसमाज के सामाजिक, राजनी. तिक व आर्थिक हित में ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निभा सकें, वर्तमान हालात में भी लोगों की यही अपेक्षा। सुश्री मायावती ने उत्तर प्रदेश दिवस की सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। ये फसल उत्सव नई शुरुआत, आशा, खुशियां लेकर आएं और आपके जीवन को आनंद और समृद्धि से भर दें।

### केशव मौर्य जैसे समझदार को होना चाहिए मुख्यमंत्री: स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**प्रयागराज।** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि प्रदेश का मुख्यमंत्री किसी अहंकारी के बजाय केशव प्रसाद मौर्य जैसे समझदार व्यक्ति को होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए, जो जिद्दी हो और बदले की भावना से काम करता हो। शंकराचार्य ने श्री मौर्य के उस बयान का स्वागत किया जिसमें उन्होंने शंकराचार्य से जुड़ी घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि श्री मौर्य समझते हैं कि इस मामले को और नहीं बढ़ाया जाना चाहिए, क्योंकि वह जानते हैं कि इससे पार्टी को नुकसान हो रहा है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मौर्य ने शंकराचार्य से अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करने की अपील की थी।



सेंसेक्स 83382.71
निफ्टी 25665.60



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# प. बंगाल में बेटियों को जीवन के हर पड़ाव पर सशक्त किया जा रहा : ममता

**नई दिल्ली, वार्ता**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बंगाल में बेटियों को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि उनके जीवन के हर चरण में सहयोग दिया जाता है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सुश्री बनर्जी ने बालि. काओं को ष्हमारे समाज की भावी शिल्पकार बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मैं बंगाल और पूरे भारत की हर बेटी को अपना स्नेह और आशीर्वाद देती हूं। बंगाल में हम बालिका को केवल एक दिन नहीं मनाते, बल्कि वर्ष के हर दिन और उसके जीवन के हर मोड़ पर उसे सशक्त बनाते हैं।ष सुश्री बनर्जी ने कहा कि राज्य में बालिकाओं के सशक्तिकरण की यात्रा जन्म से शुरू होकर शिक्षा और वयस्कता तक निरंतर चलती है। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक बाधाओं को दूर करने के लिए चलाई जा रही कई प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने 'कन्याश्री' योजना को वैश्विक स्तर पर सराही गई पहल बताते हुए कहा कि इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक बालि. काओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, ताकि वे शिक्षा से जुड़ी रहें और बाल विवाह को रोका जा सके। विद्यालय तक पहुंच आसान बनाने के लिए उन्होंने 'सबूज साथी' योजना का जिक्र किया, जिसके तहत छात्रों को साइकिल प्रदान की जाती है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। इसके अलावा उन्होंने शिक्षा क्षेत्र की अन्य योजनाओं-शिक्षाश्री, ऐक्यश्री, मेधाश्री और तरुणेर स्वप्न के साथ-साथ निष्शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्कूल यूनिफॉर्म, जूते और मध्यान्ह भोजन का भी उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि गरीबी या संसाधनों की कमी के कारण कोई भी लड़की पढ़ाई बीच में न छोड़ें।

# नोएडा प्राधिकरण के नए सीईओ बने कृष्णा करुणेश

**लखनऊ।** नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 2011 बैच के आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उन्होंने लोकेश एम की जगह यह जिम्मेदारी संभाली है। इससे पहले कृष्णा करुणेश नोएडा प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत थे। कृष्णा करुणेश इससे पूर्व गोरखपुर के जिलाधिकारी के रूप में भी सेवाएं दे चुके हैं। जिलाधिकारी रहते हुए उन्होंने प्रशासनिक सख्ती, कानून-व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने और विकास कार्यों की सख्त निगरानी के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई थी। उनके कार्यकाल के दौरान अनुशासन, त्वरित निर्णय और जवाबदेही पर विशेष जोर दिया गया था।

बताया जा रहा है कि यह नियुक्ति ऐसे समय पर की गई है, जब नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत का मामला लगातार सुर्खियों में रहा है। इस प्रकरण को लेकर सिस्टम की लापरवाही, अधिकारियों की जवाबदेही और प्रशासनिक भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संज्ञान लिया था और जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन भी किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नए सीईओ के रूप में कृष्णा करुणेश से नोएडा प्राधिकरण में प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और विकास कार्यों में सख्ती लाने की अपेक्षा की जा रही है। खासतौर पर बिल्डर प्रोजेक्ट्स, निर्माण स्थलों की सुरक्षा, अधिकारियों की जिम्मेदारी और नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों पर उनकी प्राथमिकता रहने की संभावना है।

# चावल , गेहूं, दालें नरम ,चीनी के दाम बढ़े , खाद्य तेलों में घट-बढ़ दर्ज हुई

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं और दालों में भी गिरावट देखी गई। चीनी महंगी हुई जबकि खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 51 रुपये टूटकर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं नौ रुपये सस्ता हुआ और 2,839 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा नौ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में भी गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 77 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल 53 रुपये और उड़द दाल 35 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल में सात रुपये और मूंग दाल में चार रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 132 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत भी 33 रुपये बढ़ गई। वहीं, मूंगफली तेल 293 रुपये और वनस्पति 37 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 36 रुपये और सोया तेल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घटी। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए जबकि चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे-दाल-दलहन : दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंऋ 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।खाद्य तेल : सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# बर्फबारी के चलते दूसरे दिन भी कश्मीर का संपर्क कटा , हवाई सेवा बहाल हुई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी के एक दिन बाद शनिवार को पूरी कश्मीर घाटी कड़ाके की ठंड की चपेट में रही और दूसरे दिन लगातार इस क्षेत्र का संपर्क देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा। गुरुवार रात शुरू हुई हिमपात और बारिश शुक्रवार रात रुक गई थी लेकिन इसका सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा। सामरिक रूप से महत्वपूर्ण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग अब भी बंद हैं, लेकिन श्रीनगर एयरपोर्ट पर मौसम के कारण अस्थाई रूप से बाधित हुई उडान सेवा आंशिक रूप से दोबारा से शुरू हो गई है।

हवाईअड्डा निदेशक जावेद अंजुम ने कहा कि श्रीनगर एयरपोर्ट पर ऑपरेशन फिर से शुरू हो गए हैं और दो विमान यहां उतरे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति में सुधार होते ही परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। इससे पहले दिल्ली हवाई अड्डे पर और खराब मौसम के कारण आज सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर कई उड़ानें रद्द भी करनीं पड़ीं थीं।ष हिमपात के आंकड़ों पर नजर डालें, तो प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सबसे अधिक 1.7 फुट बर्फ दर्ज की गई। इसके अलावा कोक. रनाग और पहलगाम में डेढ़-डेढ़ फुट, बटोत में 1.4 फुट, भद्रवाह में एक फुट, बनिहाल में 0.7 फुट और काजीगुंड में 0.3 फुट हिमपात हुआ। गुरुवार शाम को शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ ने महज दो दिनों में लगभग महीने भर की बारिश के बराबर पानी बरसाया है, जिससे घाटी में लंबे समय से चल रहा सूखे जैसे हालात खत्म हो गए। हिमपात के बाद पूरी घाटी में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 1.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि काजीगुंड में यह शून्य से नीचे 4.2 डिग्री रहा। पहलगाम में तापमान गिरकर शून्य से नीचे 7.6 डिग्री, कुपवाड़ा में शून्य से नीचे 4.0 डिग्री और कोकरनाग में शून्य से नीचे 6.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुलमर्ग घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं सोनमर्ग में शून्य से नीचे 10-5 डिग्री रहा। दक्षिण और मध्य कश्मीर के पुलवामा में शून्य से नीचे 3.4 डिग्री और शोपियां में न्यनूतम तापमान शून्य से नीचे 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है लेकिन अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड जारी रहने के आसार हैं। 26 और 27 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात हो सकता है।

# एमएसएमई के लिए ज्यादा ऋण, जीएसटी छूट की सीमा बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यमों को ज्यादा ऋण देने और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत छूट की सीमा 40 लाख रुपये सालाना से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये करने की मांग की है। ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने बजट से अपेक्षाओं पर एक प्रेस नोट साझा करते हुए कहा कि पिछले 10-11 साल में काफी प्रगति हुई है। इसके बावजूद, लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के ऋण की कमी है। वर्तमान समय में केवल 16.19 प्रतिशत एमएसएमई तक ही औपचारिक ऋण की पहुंच है, जिसे 2028 तक कम से कम 25 प्रतिशत तक बढ़ाना आवश्यक है ताकि षविकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार किया जा सके। उन्होंने मुद्रा योजना के अंतर्गत विशेषकर शिशु श्रेणी में औसत ऋण 37,000 रुपये से बढ़ाने, चार प्रतिशत तक ब्याज सब्सिडी तथा शून्य या न्यूनतम प्रसंस्करण शुल्क लगाने की मांग की। उन्होंने 15 दिन के भीतर जीएसटी रिफंड चक्र लागू करने और विलंबित भुगतान पर 12 प्रतिशत वैधानिक ब्याज सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# जब गणतंत्र दिवस परेड देखने पहुंचे महान मुक्केबाज मोहम्मद अली

**नई दिल्ली, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तक दुनिया के कई बड़े नेता भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बन चुके हैं, लेकिन कर्तव्य पथ पर किसी विदेशी मेहमान को वैसा गर्मजोशी भरा स्वागत शायद ही मिला हो जैसा दक्षिण अफ्रीका के स्वतंत्रता सेनानी नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली को मिला था।

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी नेता नेल्सन मंडेला 1995 की गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि थे। जब तक मंडेला वहां मौजूद रहे, दर्शक लगातार उनका नाम दोहराते रहे। उस दृश्य के गवाह रहे लोग कहते हैं कि राजपथ पर किसी विद. शी राष्ट्राध्यक्ष का ऐसा उत्साहपूर्ण स्वागत पहले कभी नहीं देखा गया था। मंडेला की तरह ही कर्तव्य पथ पर मौजूद विशाल जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया था। वह 1976 की परेड में विशेष अतिथि थे, जब वे अपने करियर के शिखर पर और एक वैश्विक आइकन थे। तब कर्तव्य पथ को ही राजपथ कहा जाता था। साल 2022 में केंद्र सरकार ने राजपथ का नया नाम कर्तव्य पथ कर दिया था। इससे पहले यह मार्ग किंग्सवे नाम से जाना जाता था। बॉक्सर मोहम्मद अली परेड शुरू होने से कुछ मिनट पहले ही अपनी सीट पर बैठे थे। जैसे ही लाउडस्पीकर पर उनके आगमन की घोषणा हुई, हजारों लोगों ने शोर मचाकर उनका अभिवादन किया। उस वर्ष मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह आंखों देखा हाल सुना रहे थे। उन्होंने बताया था कि कैसे मोहम्मद अली हवा में मुक्का लहराकर अपने प्रशंसकों का जवाब दे रहे थे। जब भी वे ऐसा करते, भीड़ उत्साह से भर जाती। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देखते हुए बार-बार मुस्कुराती नजर आई थीं। उस समय की परेड की तुलना में आज सुरक्षा कारणों से परेड के स्वरूप में भी बदलाव आए हैं। संसद पर 13 दिसम्बर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद 2002 में पहली बार परेड का मार्ग छोटा किया गया। तब से परेड इंडिया गेट, आईटीओ और दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होती है। इससे परेड का कनॉट प्लेस से गुजरना बंद हो गया, जिससे दिल्लीवासी शहर के दिल कहे जाने वाले इस हिस्से से परेड देखने के आनंद से वंचित हो गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### फीफ विमेंस चैंपियंस कप में हिस्सा लेने वालों को रिकॉर्ड प्राइज मनी देगा

**जेनेवा, वार्ता।** वर्ल्ड फुटबॉल गवर्निंग बॉडी ने शुक्रवार को अनाउंस किया कि पहले फीफा विमेंस चैंपियंस कप विनर को रिकॉर्ड तोड़ प्राइज मनी दी जाएगी। फीफा ने कहा कि विमेंस चैंपियंस कप की फाइनल चैंपियन को 23 लाख डॉलर मिलेंगे, जबकि रनर-अप को 10 लाख डॉलर मिलेंगे। हर कॉन्फेडरेशन के चैंपियन इंटरकॉन्टिनेंटल क्लब टाइटल के लिए मुकाबला करेंगे। दो सेमीफाइनल 28 जनवरी को ब्रिटेन के लंदन में ब्रेंटफोर्ड स्टेडियम (जीटेक कम्युनिटी स्टेडियम) में होने हैं। फाइनल 1 फरवरी को आर्सेनल स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनलिस्ट को दी जाने वाली प्राइज मनी के अलावा, हारने वाली दो दूसरी टीमों में से हर एक को 200,000 डॉलर मिलेंगे।

### सनराइजर्स लगातार चौथी बार एसए20 फाइनल में पहुंची

**सैंडटन, वार्ता।** सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार बेटवे एसए20 फाइनल में जगह बना ली। अब रविवार को न्यूलैंड्स में उनका सामना प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा, जहां 2023 के उद्घाटन फाइनल का रीमैच देखने को मिलेगा। दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ने रॉयल्स द्वारा दिए गए 114/7 के लक्ष्य को सात विकेट शेष रहते और 50 गेंदें बाकी रहते आसानी से हासिल कर लिया। युवा इंग्लिश ऑलराउंडर जेम्स कोल्स ने एक और बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन किया। ऑफ स्पिन से चार ओवरों में 1/15 लेने के बाद कोल्स ने बल्लेबाजी में नाबाद 45 रन बनाकर रन चेज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पिच पर, जहां टर्न और बाउंस के कारण बल्लेबाजी आसान नहीं थी, कोल्स ने डैन के पहले ही ओवर को निशाना बनाते हुए 21 रन बटोरे व लक्ष्य का बड़ा हिस्सा जल्दी ही घटा दिया।

# टी-20 विश्व कप से बाहर बांग्लादेश

## बांग्लादेश की जगह खेलेगा स्कॉटलैंड



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बांग्लादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बांग्लादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बीसीबी आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बांग्लादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी लिडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं। क्रिकेट की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने बांग्लादेश को भारत में खेलने के अपने रुख पर विचार करने का समय दिया था और मुख्य कार्यकारी गुप्ता लगातार बीसीबी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। आईसीसी नहीं चाहता था कि ऐसा कोई खतरनाक उदाहरण बने जहां कोई सदस्य मैचों को दूसरी जगह कराने की मांग करे। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि वह विश्व कप प्रतियोगिता की पवित्रता की रक्षा करना चाहता है। स्कॉटलैंड अपने प्रदर्शन के आधार पर मौजूदा रैंकिंग में 14वें नंबर है और इसी लिए उसे विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) व इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा।

### मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट ने बोर्ड निदेशक मोखलेसुर रहमान पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच शुरू कर दी है। बीसीबी ने बताया कि रहमान ने बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष पद से भी इस्तीफा दे दिया है। इस सीजन के बीपीएल से जुड़े ए आरोप पत्रकार रियासाद अजीम की एक इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्ट में लगाए गए थे। उन्होंने गुरुवार को अपने अधिकारिक फेसबुक पेज पर पोस्ट किया था। आईसीसी इंटीग्रिटी यूनिट के पूर्व प्रमुख रहे एलेक्स मार्शल बीसीबी की इंटीग्रिटी यूनिट की अगुवाई कर रहे हैं।

# जोकोविच 400वीं मेजर जीत हासिल कर फेडरर की रिकॉर्ड के बराबर पहुंचे



- **एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर-4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा**

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने शानदार करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ा, जहां वह मेजर में 400 मैच जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी ने बोटिक वैन डी जैंड्सचल्प के खिलाफ सीधे सेटों में जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, जिससे ऑल-टाइम सूची में उनकी बढ़त और बढ़ गई।

जोकोविच अब रोजर फेडरर से 31 जीत आगे हैं, जो 369 मेजर मैच जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जो खेल के उच्चतम स्तर पर जोकोविच के दो दशक के करियर को परिभाषित करने वाली असाधारण लंबी उम्र और निरंत. रता को रेखांकित करता है।

इस जीत का मेलबर्न में भी खास महत्व था, जहां जोकोविच ने फेडरर के 102 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 4 को उस लिस्ट में अकेले टॉप पर आने का मौका मिलेगा जब वह चौथे राउंड में याकूब मेन्सिक या एथन क्विन का सामना करेंगे। जोकोविच का मेजर टूर्नामेंट में सफर 20 साल से भी पहले शुरू हुआ था, जब उन्होंने 2005 में रौलां गैरो में रॉबी जिनेप्री के खिलाफ अपना पहला मेजर मैच जीता था। तब से, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने रिकॉर्ड 24 मेजर खिताब जीते हैं, जिसमें मेलबर्न पार्क खिताब के मामले में उनका सबसे सफल स्टेज साबित हुआ है।

सबसे ज्यादा ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन, जो. कोविच ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी उठाई थी। जोकोविच इस पखवाड़े में अपने पहले तीन मैचों में सहज दिखे हैं, उन्होंने स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और इटली के क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली को भी सीधे सेटों में हराया है।

# वावरिका तीसरे दौर में हारे

- **स्टैन वावरिका तीन बार के विजेता फिट्ज से 7-6(5), 2-6 6-4, 6-4 से हार गए**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्विस दिग्गज स्टैन वावरिका शनिवार को अपने आखिरी ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए, तीन बार के मेजर विजेता 7-6(5) 2-6 6-4 6-4 से अमेरिकी टेलर फिट्ज से हार गए और एक बहुत पसंद किए जाने वाले पूर्व चैंपियन के तौर पर गर्मजोशी भरी तालियों का आनंद लिया।

40 वर्षीय, जिन्होंने 2014 का खिताब जीतकर मेलबर्न में अपना ग्रैंड स्लैम ब्रेकथ्रू किया था, जिसके बाद के वर्षों में फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में भी ट्रॉफी जीतीं, ने घोषणा की थी कि 2026 उनका विदाई सीजन होगा। अपने पहले मैच में लास्लो डेरे को हराने और पिछले राउंड में बहुत छोटे आर्थर गेया के खिलाफ पांच-सेट मैराथन जीतने के बाद, वावरिका ने एक और शानदार प्रयास किया लेकिन जॉन केन एरिना में अमेरिकी नौवीं वरीयता प्राप्त फिट्ज के खिलाफ उनकी ऊर्जा खत्म हो गई।

वावरिका ने कहा कि वह (फिट्ज) एक अद्भुत खिलाड़ी है, वह खेलने के लिए एक कठिन फाइटर है, इसलिए उन्हें और उनकी टीम को बधाई। वह आज बेहतर था, इसमें कोई सवाल नहीं है। माहौल अविश्वसनीय था, इसलिए हमेशा आने के लिए आप सभी का धन्यवाद। वावरिका ने पहले सेट का टाइब्रेक हारने के बाद भी हार नहीं मानी और अगले सेट में आसानी से जीत हासिल की, लेकिन तीसरे सेट में उन्हें हार माननी पड़ी, जिसके बाद उन्होंने मेडिकल टाइमआउट लिया, और उसके बाद उन्हें दबाव बनाए रखने में कभी-कभी मुश्किल हुई।

# गुवाहाटी में आज सीरीज कब्जाने उतरेगी भारतीय टीम

- **न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिएउलटफेर करने की कोशिश करेगा**



**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत रविवार को शाम 7 बजे यहां बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में अपना दबदबा कायम रखने का लक्ष्य रखेगा। सीरीज में 2-0 से आगे चल रहा भारत 3-0 से सीरीज जीतने की राह पर है, जबकि न्यूजीलैंड अपनी उम्मीदें जिदा रखने के लिए उलटफेर करने की कोशिश करेगा। सभी की निगाहें भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर टिकी हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ नौ टी-20 मैचों में 316 रन बनाए हैं। उनकी लगातार अच्छी फॉर्म ने भारत के मिडिल ऑर्डर को मजबूती दी है, और वह सीरीज में भारत की पकड़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगे। रायपुर में पिछले मैच में सूर्यकुमार ने 37 गेंदों में 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए थे, जबकि ईशान किशन ने 32 गेंदों में तेज 76 रन का योगदान दिया था। अभिषेक शर्मा की शुरुआती सीजन की फॉर्म, हार्दिक पांड्या की ऑलराउंड क्षमताएं और संजू सैमसन की विस्फोटक बल्लेबाजी भारतीय टीम को और मजबूत बनाती है। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुम. राह भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिसमें शिवम दुबे और वरुण चक्रवर्ती अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेंगे। बरसापारा में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों का औसत 185-190 रन रहा है, लेकिन इस बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर अनुशासित गेंदबाजी और गति में बदलाव महत्वपूर्ण रहेंगे। ऐतिहासिक रूप से, यहां टॉस जीतने वाली टीमें पहले गेंदबा. जी करना पसंद करती हैं, क्योंकि पिछले मैचों में लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान साबित हुआ है। इस बीच, न्यूजीलैंड अपनी बल्लेबाजी क्रम में एक स्थिर नंबर तीन बल्लेबाज की पहचान करने के लिए प्रयोग करना जारी रखे हुए है। डेरिल मिशेल से मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की उम्मीद है, जबकि रचिन रवींद्र और मिशेल सेंटनर फॉर्म में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। हाल ही में विश्व कप टीम में शामिल किए गए काइल जैमीसन डेथ ओवरों के विशेषज्ञ के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिन्हें ईश सोढ़ी और जैकब डफी का समर्थन मिलेगा। डेवोन कॉनवे विकेटकीपिग करेंगे, जबकि ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और मार्क चैपमैन अतिरिक्त बल्लेबाजी गहराई प्रदान करेंगे। हालिया फॉर्म से पता चलता है कि भारत ने अपने पिछले पांच टी-20 मैचों में से चार जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले पांच मैचों में से तीन जीते हैं। टी-20 में दोनों टीमों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड बताते हैं कि भारत ने 26 में से 13 मैच जीते हैं, न्यूजीलैंड ने 10 और तीन मैच टाई रहे।

# चौथे दौर में भिड़ेंगी कीज व जेसिका पेगुला

**मेलबर्न, वार्ता।** अमेरिकी मैडिसन कीज और जेसिका पेगुला शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में विजेता रहीं, जिससे दोनों अच्छी दोस्त राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में पहुंच गईं और यह उनके करियर की चौथी आमने-सामने की भिड़ंत होगी। हालांकि मेलबर्न में बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से खेल आम तौर पर तय समय से एक घंटा पहले शुरू करना पड़ा, लेकिन कीज या पेगुला में से कोई भी बिना सीड वाले विरोधियों के खिलाफ रूटीन में बदलाव से परेशान नहीं हुआ। नंबर 6 सीड पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में क्वालिफायर ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से हराया, जबकि डिफेंडिग चैंपियन कीज ने पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 कैरोलिना प्लिसकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर अपना लगातार 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीता। कीज अपने ओवरऑल हेड-टू-हेड मुकाबलों में पेगुला से 2-1 आगे हैं जिसमें पिछले जनवरी में एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 6-3, 4-6, 6-1 से जीत शामिल है। दोनों अमेरिकियों ने अपनी तीसरे राउंड की जीत में चार बार सर्व तोड़ा। पेग. ुला अब पिछले पांच सालों में 11 बार किसी बड़े टूर्नामेंट के राउंड 16 में पहुंच चुकी हैं।

कीज बनाम पेगुला के विनर ने यह पक्का कर दिया है कि लगातार 12वें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में कम से कम एक अमेरिकी होगा। 2014 आखिरी सीजन था जब कोई नहीं था।

इस बीच लगातार दूसरे साल, अमांडा अनिसिमोवा चौथे राउंड में पहुंच गई हैं, इस बार उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना में हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराया। दुनिया की नंबर 4 खिलाड़ी ने यह पक्का किया कि वह ज्यादा देर तक धूप में न रहें, शनिवार दोपहर को 1 घंटे 11 मिनट में जीत हासिल की। यह चौथी बार है जब अनिसिमोवा मेलबर्न के राउंड ऑफ 16 में पहुंची हैं, और वह डब्ल्यूटीए टूर में पहली बार स्टर्न्स को हराकर वहां पहुंची हैं।

































# हर हाल में रोकें वनाग्नि

## जिलाधिकारी अंशुल ने अराजक तत्वों से सख्ती से निपटने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वनाग्नि की संभावनाओं के दृष्टिगत जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर वनाग्नि रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने वनाग्नि से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।



जिलाधिकारी ने वन विभाग को फायर लाइन निर्माण, संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी, फायर वाचर की तैनाती तथा आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता अभियान चलाने, ग्राम स्तरीय वनाग्नि प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने तथा किसी भी घटना की त्वरित सूचना एवं तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि वनाग्नि काल से पहले ही प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर लिए जाएं। जिला. धिकारी ने कहा कि अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से निपटा जाए। जो भी व्यक्ति या समूह वनाग्नि की घटनाओं में संलिप्त पाया जाए, उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वनाग्नि की घटनाओं से पर्यावरण, वन्यजीव एवं जनधन को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि जनपद अल्मोड़ा में प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी से 15 जून की अवधि को वनाग्नि की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। इस अवधि के दौरान वन क्षेत्रों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए सभी विभागों को सतर्क एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। यहां प्रभागीय वना. धिकारी दीपक सिंह, प्रदीप धौलाखंडी, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, डीडीएमओ विनीत पाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# महापौर ने दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम काशीपुर द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत दिल्ली से आई टीम के कलाकारों ने शहर में जनजागरूकता की अनूठी पहल जारी है। इसी क्रम में नगर निगम कार्यालय के सामने कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सूखे और गीले कचरे के सही निस्तारण, सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और स्वच्छता में नागरिकों की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मौजूद महापौर दीपक बाली ने नागरिकों और व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना शहर को साफ रखना संभव नहीं है। इसके बाद महापौर ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई, जिसमें घर और आसपास गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और नगर निगम के स्वच्छता अभियानों में सहयोग करने का संकल्प लिया गया। सफाई निरीक्षक डॉ. मनोज बिष्ट ने नागरिकों का आह्वान किया कि शहर को स्वच्छ रखने में निगम को सहयोग दें।

# 6.40 लाख की ठगी, मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक एजेंट ने दो लोगों से वर्क परमिट के नाम पर 6,40,000 रुपये लेकर ई-वीजा थमा दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरा. पी कैफे संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नूरपुर निवासी नितिन पुत्र राकेश कुमार ने कोतवाली में तहरीर दी। बताया कि कुछ माह पहले कैफ मलिक निवासी मसवासी, थाना स्वार, जिला रामपुर ने बताया कि वह विदेश में वर्क परमिट पर नौकरी लगवाता है। पीड़ित ने बताया उसके साथ गांव निवासी विजेंद्र पाल सिंह, रवि कुमार और वीरपाल मौजूद थे। एजेंट कैफ मलिक ने बताया वर्क परमिट पर एक व्यक्ति का 3,20,000 रुपये खर्च होगा जो पहले जमा करने होंगे। उसने बताया कि वर्क परमिट पर नौकरी के दौरान एक व्यक्ति को 1,05,000 रुपये वेतन मिलेगा। इस पर उसने 70 हजार रुपये और विजेंद्र पाल के भाई वीरपाल ने 1,50,000 और नितिन के भाई रितिक कुमार ने 80,000 रुपये व वीरपाल ने अपने भाई विजेंद्र पाल के लिए नकद 1,70,000 रुपये और उसके भाई रितिक कुमार ने 1,70,000 कुल 6,40,000 रुपये शुभम व लवकेश के सामने कैफ मलिक को दिए। आरोप लगाया कि कैफ मलिक ने वर्क वीजा के बजाय उन्हें ई-वीजा थमा दिया जिसकी उनको जानकारी नहीं दी। बताया उसे और विजेंद्र पाल को तीन अक्टूबर 2025 को रूस भेज दिया गया। वहां पहुंचने पर पिता चला कि उनका वर्क परमिट वीजा नहीं बल्कि ई-वीजा है। तब वह दोनों बमुश्किल भारत लौट आए।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर।** नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा 11.74 ग्राम स्मैक के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 23 जनवरी की रात्रि में चैकिंग के दौरान सिडकुल गेट नंबर-01 आरटीओ कार्यालय काशीपुर को जाने वाले रास्ते कुंडेश्वरी पर दो युवकों को रोककर उनकी तलाशी ली तो सुदेश कश्यप उर्फ विशाल पुत्र राजेंद्र कश्यप निवासी वार्ड नंबर-9 खड़कपुर देवीपुरा काशीपुर के कब्जे से 6.11 ग्राम तथा हेमन्त कुमार उर्फ निशांत पुत्र चंद्रशेखर निवासी वार्ड नंबर-07 खड़कपुर देवीपुरा काशीपुर के कब्जे से 5.63 ग्राम कुल 11.74 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिस पर उन्हें गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट व कंचन पडलिया थे।

# 76 स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत देशभर में स्ट्रीट वेंडरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी 2026 को केरल के तिरुवनंतपुरम से एक लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को ऋण वितरण एवं क्रेडिट कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम के जरिए नगर निगम काशीपुर को भी जोड़ा गया।




कार्यक्रम में कुल 145 स्ट्रीट वेंडरों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से विभिन्न बैंकों के माध्यम से कुल 76 वेंडरों को ऋण वितरण का लाभ प्रदान किया गया। पहले चरण में 15 हजार रुपये के 34, दूसरे चरण में 25 हजार रुपये के 24 तथा तीसरे चरण में 25 हजार रुपये के 18 वेंडरों को ऋण स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर महापौर दीपक बाली एवं नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट द्वारा लाभार्थी वेंडरों को ऋण वितरण के चेक एवं क्रेडिट कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर मोहम्मद जफर सहित विभिन्न सामुदायिक संगठनकर्ता, कार्यालय स्टाफ, ठेला फड़ एसोसिएशन के पदाधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई शपथ

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा पुलिस द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। दोपहर करीब 03 बजे उन्होंने सभी को धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मतदाता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** राजीव गांधी नवोदय विद्यालय कोटाबाग नैनीताल में संचा. लित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम स्यात में मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्राम वासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके बाद स्वयंसेवियों के मध्य मतदाता जागरूकता विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। शि. विर के अगले चरण में स्वयंसेवियों द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया जिसमें विद्यालय परिसर में स्थित क्यारियों की निराई गुड़ाई, प्लास्टिक व अन्य कूड़े का निस्तारण भी किया गया। तत्पश्चात बौद्धिक सत्र में मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सुकृति कोहली ने प्रथम सौरभ जोशी ने द्वितीय तथा प्रज्ज्वल कार्की ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी चेतन प्रकाश तिवारी द्वारा मतदान व मतदाता जागरूकता विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी स्वयंसेवियों से साझा की गई। इसके बाद अभिजात रावत, प्राचार्य राजीव गांधी नवोदय विद्यालय ने स्वयंसेवियों को अपने आसपास के क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया। शिविर का संचालन विशाल मुंजाल, कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अभिजात रावत, चेतन प्रकाश तिवारी, कमान राम, शालिनी सिंह, ललित जोशी, विनीत चंद्र व कुमारी रेखा थापा सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# अधिवक्ताओं ने तहसील में कराया खिचड़ी भोज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** शनिवार को कालाढूंगी तहसील परिसर में अधिवक्ता पुष्कर सिंह बिष्ट के नेतृत्व में यूनियन ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया। इस दौरान अधिवक्ता गोविंद सिंह बिष्ट, गौरव सिंह बिष्ट, महेश सुयाल, डीजीसी मेघा सुयाल, प्रदीप कुमार तिवारी, विनोद कुमार गोयल, खीम सिंह बोरा, वीर सिंह ठगुना, चंचल गुप्ता, प्रमोद जोशी, केशव बढ़नी, जीवन कुंवर, नारायण सिंह मेहरा, हेम जोशी, चंदन सिंह बिष्ट, जगदीश चंद्र, उज्जवल सुनाल, पूरन चंद भगत, प्रशांत भगत, विकेक जोशी, विनय जोशी, पत्रकार जाहिद हबीबी, शाकिर हुसैन, भगवान मेहरा, मनोज पंत आदि मौजूद रहे।

## बच्चों ने जयपुर में गाड़े सफलता के झंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जयपुर राजस्थान में आयोजित 18 से 23 जनवरी तक राष्ट्रीय द्वितीय फेडरेशन कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें बागेश्वर जिले के खिलाड़ियों ने कुल छह पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में बागेश्वर के हिताशा उपाध्याय, मनस्वी वर्मा और प्रियांशी पुरोहित ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। जबकि आदित्य खर्कवाल और प्रांजल बिष्ट ने रजत पदक, अनमोल आगरी ने कांस्य पदक अपने नाम किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला ताइक्वांडो एवं पारा ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, उपाध्यक्ष गणेश धपोला, सचिव किशोर कुमार, सह सचिव जगदीश उपाध्याय सहित पूरी टीम ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों की इस सफलता पर विधायक पार्वती दास, विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, जिला खेल अधिकारी गुंजन बाला तथा युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन रावत आदि ने खुशी जताई है।



# मतदाता दिवस पर तहसील में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तहसील परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान नए मतदाताओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, स्वीप गतिविधियों सहित अन्य संबंधित क्रियाकलापों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।


मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान की शपथ दिलाई

मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बीएलओ से घर-घर जाकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब अधिक से अधिक लोग मतदान करेंगे तभी योग्य प्रतिनिधि लोकसभा एवं विधानसभा तक पहुँच सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान करने से पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रियंका, रूपा एवं पल्लवी, स्लोगन प्रतियोगिता में पावनी, मान. वेंद्र एवं लीला तथा निबंध प्रतियोगिता में अभिषेक, प्रियंका एवं बालम को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर फुटबॉल कोच नीरज पांडे, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलडा, दिव्यांग आइकॉन मो. हिनी कोरंगा, राजीव जोशी, नरेंद्र पालनी, आलोक पांडे, हिमांशु नेगी, गंगा पांडे एवं जगदीश जोशी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, बीएलओ गण, नए वोटर, स्वीप टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारी व आमज उपस्थित रहे।

# खत्याड़ी में बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत शनिवार को हवालबाग के न्याय पंचायत खत्याड़ी में बहुउद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 687 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुए और कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। न्याय पंचायत के रामल. ीला मैदान में आयोजित शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किय। शिविर में पहुंचे राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है। इसलिए अधिकारी शिविर में आई समस्याओं को गंभीरता से लें और उनका निस्तारण करें। यहां ब्लॉक प्रमुख हिमानी कुंडू, डीडीओ एसके पंत, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व जिंप सदस्य कुंदन लटवाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, प्रधान कमला कनवाल, जिला पंचायत सदस्य ममता कनवाल, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद कनवाल, रवि रौतेला, मदन सिंह बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, आनंद भोज समेत कई लोग मौजूद रहे। शि. विर में कुल 89 शिकायतें विभिन्न विभागों में पंजीकृत की गईं। जिनमें से 77 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसके इसके अलावा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों के निर्माण के लिए 590 आवेदन पत्र भरवाए गए। वहीं, 687 व्यक्तियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया गया।



# अल्मोड़ा में क्रॉस कंट्री दौड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर जिला खेल कार्यालय अल्मोड़ा द्वारा शनिवार को अंडर-16 बालक-बालिका आयु वर्ग तथा ओपन पुरुष-महिला वर्ग की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चौघानपाटा से हुआ, जो करबला, दुगालखोला, पुलिस लाइन होते हुए पुनः चौघानपाटा में संपन्न हुई। दौड़ को किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन मनोज सनवाल एवं उप क्रीड़ा अधिकारी अरुण बनग्याल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या ने बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 70 बालक-बालिकाओं एवं निर्णायकों ने प्रतिभाग किया। ओपन पुरुष वर्ग में नितेश सिंह जीना प्रथम, प्रियांशु कुमार द्वितीय तथा आलोक भट्ट तृतीय स्थान पर रहे। वहीं ओपन महिला वर्ग में भावना अधिकारी ने प्रथम, लक्ष्मी जीना ने द्वितीय तथा दीपिका बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम से दसवें स्थान तक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। यहां सहायक प्रशिक्षक जीवन प्रकाश, हरीश गोस्वामी, विक्रम भंडारी, रीता बिष्ट, लता साह, निर्मला नैलवाल, प्रभा नेगी, करिश्मा नायक, वंदना भंडारी, जीवन बोरा, राजेश खोलिया, कैलाश मेहरा, प्रांशु भैंसोड़ा, कैलाश राम आर्या, योगेश कुमार, गुलाब करायत सहित अन्य मौजूद रहे।




# वन भूमि हस्तांतरण मामलों में तेज़ी लाएं अधिकारी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में वन भूमि हस्तांतरण से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित एवं प्रगतिरत वन भूमि हस्तांतरण प्रस्तावों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिका. रियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लिए प्रस्तावित वन भूमि हस्तांतरण मामलों में सभी औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं।

उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय के अभाव में किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने वन संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए प्रस्तावों को शीघ्रता से शासन स्तर तक प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन प्रकरणों में आपत्तियां अथवा कमियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी किसी भी प्रस्ताव को पोर्टल पर अपलोड करने से पूर्व वन विभाग के साथ मिलकर उसका आंकलन कर लें। जिससे यदि कोई आपत्ति हो तो उसका निस्तारण पहले से ही किया जा सके। बैठक में डीएफओ दीपक सिंह व प्रदीप धौलाखंडी, सीडीओ रामजी शरण शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर

### भूमि सम्बंधित कई मामलों का निपटारा

**कालाढूंगी।** तहसील में आयोजित प्रवर्तन समिति की बैठक में एसडीएम कालाढूंगी विपिन चंद्र पंत ने तमाम भूमि संबंधित मामलों में सुनवाई करते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। जबकि कई मामलों में हल्का पटवारी और कानूनगो को एक सप्ताह के अंदर मामला निपटाने के निर्देश दिए। डीएम नैनीताल ललित मोहन रयाल के निर्देशन और एसडीएम विपिन चंद्र पंत की अध्यक्षता में हर शनिवार को कालाढूंगी तहसील में प्रवर्तन समिति की बैठक के माध्यम से क्षेत्रवासियों के भूमि संबंधित मामलों को सुना जाता है, और उनके निस्तारण की त्वरित कार्रवाई की जाती है, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबी प्रक्रिया से न गुजरना पड़े। शनिवार को तकरीबन 18 मामलों में एसडीएम पंत ने सुनवाई करते हुए आवश्यक निर्देश दिए, जबकि कई मामलों को मौके पर ही निपटा दिया। इस दौरान उप प्रभारी निरीक्षक पंकज जोशी, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### स्वच्छता के लिए लोगों को किया जागरूक

**बागेश्वर।** गणतंत्र दिवस को लेकर नगर में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जनपद को साफ व स्वच्छ रखने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत जनपद की नदियों, जलस्रोतों, सड़कों के किनारे, प्रमुख पर्यटक स्थलों, सार्वजनिक कार्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान कूड़ा निस्तारण, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जलस्रोतों की सफाई तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डीएम ने स्वच्छता को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए हैं। स्वच्छता अभियान में वन विभाग, जिला पंचायत, नगर निकाय, लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान, पर्यटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग सहित समस्त संबंधित विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित कर आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करें, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

### बारिश-बर्फबारी के बाद मौसम साफ

**बागेश्वर।** जिले में सीजन की पहली बारिश-बर्फबारी के बाद शनिवार को मौसम साफ रहा। सुबह दस बजे तक कड़ाके की ठंड रही। हालांकि 10 बजे बाद समूचे जिले में धूप खिली रही। जिससे जिले का तापमान बढ़ा। लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को जिले में बारिश एवं हिमपात हुआ। जिले के कपकोट तहसील के ऊंचाई वाले क्षेत्र र्क से लदे रहे, जबकि कांडा, धरमघर में भी बर्फ से खेत खलिहान व पहाड़ ढके रहे। इधर कौसानी एवं कठपुड़िया आदि क्षेत्रों में शनिवार दोपहर तक कई स्थानों पर बर्फ दिखाई दी। वही दुगनाकुरी क्षेत्र के ऊंचे चोटियों में बर्फ देर शाम तक टिकी रही। लोग बर्फ का लुप्त उठाने के लिए कपकोट के विनायक, धूर, कांडा के हुड़ूमधार में बच्चों के साथ पहुंचे। वही दूसरी ओर जिला प्रशासन ने रिखाड़ी, बाछम, बदियाकोट, कुंवारी, कोटमन्यां में सड़कों में दो से तीन फिट तक पड़ी बर्फ जेसीबी मशीन से हटवाई। जिसके बाद इन क्षेत्रों में यातायात सुचारू किया गया। जिला आपदा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले के कपकोट क्षेत्र में 90 मिमी, गरुड़ व बागेश्वर में 15-15 मिमी बारिश हुई।

### स्वयंसेवकों ने किया लघु वाटिका का भ्रमण

**बागेश्वर।** राजकीय इंटर कालेज मंडलसेरा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को एनएसएस स्वयंसेवकों का दल प्रभारी नारायण गिरी गोस्वामी के नेतृत्व में देवकी लघु वाटिका मंडलसेरा भ्रमण के लिए पहुंचा। यहां उन्होंने मुगा रेशम वाटिका, पुनर्जीवित जल स्रोत क्षेत्र का अवलोकन किया। यहां किशन सिंह मलड़ा द्वारा स्वयंसेवकों को औषधीय रोजगार पुरक पौधों की जानकारी दी गई। उन्होंने स्वयं सेवियों से शिविर के दौरान शांति पूरक अपनी सहभागिता को समझते हुए अपनी भागीदारी को समाज में निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर योगेश, सागर, राहुल, करन, अनिता, दीक्षा, निर्मला, करीना, मनिषा, ममता आदि मौजूद रहे।

### इंटर कॉलेज में विधि जागरूकता शिविर

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कालेज मण्डलसेरा बागेश्वर मे विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में अनीता कुमारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर द्वारा छात्र-छात्राओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 तथा गर्भाधान पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन निषेध) अधिनियम, 1994, बालिकाओं के लिए पोषण, मासिक धर्म स्वच्छता, शिक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं का उत्पीड़न गुड-टच, बैड टच, पोक्सो अधिनियम, नशे से होने वाले दुष्परिणाम, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100, नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई।

### बैंकों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल 27 को

**काशीपुर।** सरकार और संगठन के बीच हुई बात का कोई परिणाम न निकलने के कारण यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियन ने 27 जनवरी 2026 को एक दिन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का निर्णय लिया है। संस्था के जिला मंत्री स्वतंत्र कुमार मेहरोत्रा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इसकी सूचना प्रत्येक सदस्य को पूर्व में दी जा चुकी है। उन्होंने सभी बैंकों के पदाधिकारी और सदस्यों से अनुरोध किया है कि हड़ताल को पूर्ण सफल बनाने के लिए 27 जनवरी मंगलवार को सुबह 11 बजे केनरा बैंक की मुख्य शाखा बाजपुर रोड काशीपुर पर इकठ्ठा होकर सरकार और वित्त मंत्रालय की मनमानी और कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में अपनी आवाज भारत सरकार वित्त मंत्रालय और आईवीए के कानों तक पहुंचायें।

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं 28 जनवरी से

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड संस्थागत तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं विद्यालय में निम्न दिवसों में सम्पन्न होंगी। हाईस्कूल हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान की 28 जनवरी से 30 जनवरी को प्रात: 10 बजे से, इंटरमीडिएट रसायन विज्ञान 28 व 29 जनवरी को प्रात: 9 बजे से, इंटरमीडिएट जीव विज्ञान 30 जनवरी को प्रात: 9 बजे से, तथा इंटरमीडिएट हिंदी, अंग्रेजी, वाणिज्य, गणित, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र तथा इतिहास की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षाएं 28 जनवरी से 31 जनवरी को प्रात: 10 बजे से संपन्न होंगी। परीक्षार्थी उक्त तिथि से पूर्व संबंधित शिक्षकों से सम्पर्क करें। यह जानकारी प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने दी।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कोतवाली में ली शपथ

**काशीपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कोतवाली काशीपुर परिसर में शपथ का आयोजन किया गया, जिसमें कोतवाली के समस्त अधिकारियों व कर्मचारीगणों ने शपथ ली। इस मौके पर कोतवाली की समस्त चौकियों के प्रभारी व कोतवाली के उपनिरीक्षक तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# बर्फ देखने उमड़े लोग, शहर जाम

## सोशल मीडिया पर बर्फबारी वायरल, सैलानियों की हुई फजीहत

सुबह 11 बजे से लगने लगा जाम, सैलानी वाहनों का समय सड़क पर रेंगते गुजरा




शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पहाड़ों में मौसम की पहली बर्फबारी के बाद उस नजारे को देखने के लिए पर्यटकों का तांता लग गया। बर्फबारी की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गईं। बर्फबारी की सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश, दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों से सैलानी पहाड़ों की ओर रुख करने लगे। हालांकि पुलिस प्रशासन इस अप्रत्याशित भीड़ के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं था, जिसके चलते शहर की सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया और सैलानी अपनी गाड़ियों में पूरे दिन जाम में फंसे रहे। बताया जा रहा है कि बर्फबारी की शुरुआत शुक्रवार शाम से नैनीताल, मुक्तेश्वर, रामगढ़ और धानाचूली में हुई। शनिवार को बर्फ से ढकी पहाड़ी चादर को देखने के लिए पर्यटक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में बाहर निकले, जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। काठगोदाम थानाक्षेत्र के शीश. महल से शुरू हुआ जाम धीरे-धीरे नैनीताल और भीमताल रोड तक फैल गया। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक वाहनों का दबाव बढ़ने से सड़कें पूरी तरह से जाम हो गईं। यातायात नियंत्रण में मदद के लिए 50 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया, लेकिन स्थिति पूरी तरह से काबू में करने में पूरा दिन लग गया। यातायात प्रभारी महेश चंद्रा ने बताया कि शनिवार को अचानक वाहनों का दबाव बढ़ गया, जिससे यातायात संचालन में कठिनाइयां आईं।

### गुलजार हुए पर्यटन स्थल

शनिवार को बर्फबारी के बाद भवाली, भीमताल और अन्य प्रमुख मार्गों पर वाहनों की अधिक भीड़ देखी गई। शीतला, मुक्तेश्वर, धानाचूली और नैनीताल में बर्फ देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। वीकेंड के चलते पर्यटकों की संख्या और बढ़ गई। शीतला स्थित हिमालयन ओजस्वी रिजॉर्ट के मालिक नील अक्षय पांडे ने बताया कि बर्फबारी के बाद उनके क्षेत्र के सभी होटल, होम स्टे और रिजॉर्ट पर्यटकों से भरे हुए हैं।

# आज कैंची धाम की ओर नो एंट्री, बदले रहेंगे कई रास्ते

## भवाली तिराहे से कैंचीधाम की ओर पर्यटक वाहनों पर प्रतिबंध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कैंची धाम में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कल यानि आज रविवार को यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

यदि कैंची धाम यात्रा मार्ग पर वाहनों का दबाव अधिक रहा तो यह डायवर्जन सुबह 7 बजे से प्रभावी रहेगा, और उस समय से पर्यटकों और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक रास्ते तय किए जाएंगे। पुलिस के अनुसार, नैनीताल और ज्योलिकोट से कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनिटोरियम में पार्क किया जाएगा। वहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम भेजा जाएगा। इसी तरह, भीमताल मार्ग से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को विकास भवन, भीमताल में पार्क किया जाएगा और वहां से शटल सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। भवाली तिराहा से कैंची धाम की ओर पर्यटक वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वहीं, कैंची धाम क्षेत्र से होकर अन्य पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले पर्यटक वाहन खुटानी से मुक्तेश्वर और रामगढ़ मार्ग से जाएंगे।

### यदि आवश्यकता पड़ी तो जिले की सीमा पर रोके जाएंगे वाहन

हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले भारी वाहनों को भीमताल रोड से खुटानी, मुक्तेश्वर और रामगढ़ होते हुए भेजा जाएगा। ज्योलिकोट मार्ग से पर्वतीय क्षेत्रों को जाने वाले भारी वाहन नैनी बैंड सैनिटोरियम बाईपास से नैनी बैंड, तिरछाखेत, खुटानी और मुक्तेश्वर मार्ग से जाएंगे। या फिर यातायात सामान्य होने तक इन्हें गेठिया क्षेत्र में रोका जाएगा। अल्मोड़ा, रानीखेत और बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहन क्वारब से रामगढ़, मुक्तेश्वर होते हुए खुटानी और भीमताल मार्ग से भेजे जाएंगे। जरूरत पड़ने पर इन वाहनों को जनपद सीमा पर भी रोका जा सकता है। आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहन, जैसे सब्जी, फल, ईंधन, गैस और दूध आदि का आवागमन सामान्य रूप से जारी रहेगा।

# फैसलाः पॉक्सो मामले में अभियुक्त दोषमुक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भीमताल थाना क्षेत्र में दर्ज एक पॉक्सो मामले में न्यायालय ने अहम निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त गोपाल धामी को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। मामले के अनुसार 19 मई 2023 को एक 15 वर्षीय नाबालिग के गर्भवती होने पर उसके भाई ने अभियुत गोपाल धामी के विरुद्ध बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाद में नाबालिग ने एक शिशु को जन्म भी दिया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से पीड़िता सहित कुल आठ गवाह प्रस्तुत किए गए, लेकिन पीड़िता के परिजन अभियोजन कथानक का समर्थन नहीं कर सके। हालांकि पीड़िता ने अभियुक्त पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए नवजात शिशु को अभियुक्त का बताया। न्यायालय ने पीड़िता अभियुक्त एवं नवजात शिशु की डीएनए जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया, जिसमें अभियुक्त का डीएनए शिशु से मेल नहीं पाया गया। इससे अभियोजन का मामला कमजोर साबित हुआ। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि पीड़िता के परिजन अभियुक्त की अच्छी आर्थिक स्थिति के कारण उसका विवाह जबरन अभियुक्त से कराना चाहते थे। साक्ष्यों और वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त गोपाल धामी को दोषमुक्त कर दिया। अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता लोकेश राज चौधरी ने प्रभावी पैरवी की।

# भाजयुमो ने बनाई मानव श्रृंखला

शाह टाइम्स ब्यूरो



वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में एक मानव श्रृंखला और हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष विपुल मैन्दोली, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व भाजयुमों के प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विपुल मैन्दोली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से एक देश, एक चुनाव के पक्ष में रही है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग चुनावों के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव पड़ता है, और वह पैसा जो विकास कार्यों पर खर्च होना चाहिए, वह चुनावों में बर्बाद हो जाता है। मैन्दोली ने यह भी कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा पूरे प्रदेश में इस मुद्दे के समर्थन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, और इस अभियान को जनता से अच्छा समर्थन मिल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि आज युवाओं की जो भारी भीड़ उमड़ी है, उससे यह साफ प्रतीत होता है कि एक देश, एक चुनाव का मुद्दा जल्द ही हमारे देश में लागू होगा। यह कदम देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव केवल देश की आवश्यकता है, और भारतीय जनता पार्टी इसे धरातल पर उतारने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। कार्यक्रम में भाजयुमो के जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र सिंह कोश्यारी, महेंद्र सिंह नेगी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, कार्तिक हर्बोला, गौरव जोशी, उदित पंत, मोहित रौतेला, जोगेंद्र सिंह रौतेला, प्रदीप बिष्ट, नीरज बिष्ट, मधुकर श्रोत्रीय, प्रतिभा जोशी, कंचन उप्रेती, उदित चौधरी, प्रज्ञान भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले मेयर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शनिवार को नगर निगम के महापौर गजराज बिष्ट ने भाजपा मुख्यालय नई दिल्ली में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर महापौर ने उन्हें हल्द्वानी आने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने शहर से जुड़े विभिन्न विकासात्मक, जनसरोकार और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। महापौर गजराज बिष्ट ने हल्द्वानी की शहरी अवसंरचना, यातायात व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता और पर्यटन से संबंधित पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सहयोग की आवश्यकता पर भी चर्चा की। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने हल्द्वानी के विकास को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया और जल्द ही नगर भ्रमण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने संगठनात्मक मजबूती और जनहित कार्यों में बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# ठंड से राहत दिलाएंगे विधायक सुमित

## अलाव के लिए लकड़ी से भरी पांच गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** कड़ाके की ठंड में जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने के लिए जलौनी लकड़ी से भरी पांच गाड़ियों को रवाना किया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि सर्दियों के प्रकोप में गरीब, मजदूर, बुजुर्ग और असहाय वर्ग को सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

उनके लिए यह अत्यंत जरूरी है कि वे इस कठिन समय में अकेले न छोड़े जाएं। जनप्रतिनिधि के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि समाज के हर वर्ग तक आवश्यक सुविधाएं और सहूलियतें पहुंचाई जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था लगातार जारी रहेगी और जरूरत के मुताबिक यह कार्य आगे भी किया जाएगा। विधायक हृदयेश ने अपने मुख्य उद्देश्य की बात करते हुए कहा जनस. 'वा ही मेरा प्रमुख लक्ष्य है और किसी भी जरूरतमंद को कठिनाई में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। इस राहत कार्य में जिला महामंत्री मलय बिष्ट, पार्षद प्रतिनिधि दिवेश तिवारी, संजू उप्रेती, इंजीनियर सुमित कुमार, राजू चौहान, मोहम्मद खालिद, इशरत अली, रिजवान, इस्लामुद्दीन, जॉन्टी राणा सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# गणतंत्र दिवस के मद्देनज़र पुलिस 24 घंटे अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की ओर से मिली धमकी के बाद कुमाऊं क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। गणतंत्र दिवस को देखते हुए पुलिस को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अब कुमाऊं के विभिन्न शहरों से लेकर भारत-नेपाल सीमा तक सक्रिय रूप से खुफिया जानकारी जुटाने में लगी है। हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के ठिकानों को निशाना बनाया था। हालांकि, सईद इस हमले से बच निकला, लेकिन उसका परिवार हमले में मारा गया। इस हमले के बाद से हाफिज सईद काफी गुस्से में है और लगातार धमकियां दे रहा है। लश्कर के उप प्रमुख सैफुल्ला कसूरी ने हाल ही में एक वीडियो जारी करके धमकी दी थी। चूंकि नेपाल सीमा से भारत में घुसने के लिए कई अवैध रास्ते मौजूद हैं, ऐसे में पुलिस ने नेपाल सीमा से सटे जिलों और शहरों में सख्त चौकसी के आदेश दिए हैं। कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ी सभी सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, हवाई अड्डे, टैक्सी स्टैंड और व्यस्त बाजारों में बम और डॉग स्क्वाड के साथ चेकिंग की जा रही है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति को देखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# मेडिकल कॉलेज में मतदान की शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** देश में प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य के तहत देशभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम माई इंडिया, माई वोट निर्धारित की गई है। इसी क्रम में शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के परिसर स्थित लेक्चर थियेटर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वोट देना प्रत्येक नागरिक का अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। मतदान से लोकतंत्र सशक्त होता है तथा चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी से देश की लोकतांत्रिक नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पोस्टर प्रतियोगिता एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आकर्षक पोस्टरों व सारगर्भित विचारों के माध्यम से मतदान के महत्व को उजागर किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, एमबीबीएस, नर्सिंग, पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ग्रहण की।

# स्वर संगम संगीत संस्थान में भव्य सरस्वती पूजा आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजा-2026 का उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर शास्त्रीय गायन, भजन, सितार वादन, बांसुरी वादन, वायलिन वादन और तबला वादन जैसी उदीयमान कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर संगम वृंद गान दल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद संस्थान के 43वें नवीन सत्र के शुभारंभ की भी घोषणा की गई। मोहनवीणा वादक दिनेश चन्द्र पंत ने इस भव्य आयोजन का संचालन किया। कार्यक्रम में आचार्य हरीशचंद्र पंत, पं. चन्द्र शेखर तिवारी, डा. मुकेश चन्द्र पंत, आचार्य विनीता पांडे और आचार्य मीरा पंत के मार्गदर्शन में प्रतिभावान शिष्यों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीता। संगीत प्रेमियों ने इन प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी सराहना की और कलाकारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जश्न और शपथ ग्रहण समारोह

शाह टाइम्स ब्यूरो



**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर हल्द्वानी के वार्ड-52 के जज फार्म स्थित पोलिंग बूथ सिंथिया स्कूल में एक शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती को लेकर शपथ ली गई, साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं के नए मतदाता पहचान पत्र बनाए गए, पुराने पहचान पत्रों में संशोधन किए गए और एसआईआर से संबंधित कार्य भी पूरे किए गए। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि उमेश बिनवाल ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतांत्रिक पर्व है, जो नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का एहसास कराता है। उन्होंने कहा कि यह दिवस नागरिकों को चुनावों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है, जिससे राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित होती है। यह आयोजन क्षेत्र में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता फैलाने और नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराने में अहम साबित हुआ। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि उमेश बिनवाल के साथ सुपरवाइजर सरजीत मटेला, बीएलओ गोविंद रौतेला, ममता आर्या, रमा तांगी, आशा नेगी, महेंद्र पाल, हंसी पंत, अनिता जोशी सहित कई क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### मतदान की शपथ ली

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। संचालन जिलाधिकारी और निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, द्वारा किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत की दिशा-निर्देशों के तहत स्टेडियम के सभी प्रशिक्षक, प्रशिक्षणार्थी, अभिभावक और स्टाफ ने एक साथ शपथ ली। इस शपथ का संदेश था, 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम। यह शपथ ली हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अनुसरण रखते हुए, निर्भीक होकर जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी बाहरी प्रभाव से प्रभावित हुए बिना सभी चुनावों में अपने मता. धिकार का प्रयोग करेंगे।

## किसानों को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय सम्मान

**हल्द्वानी।** दलहन विकास मंत्रालय भारत सरकार ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए उत्तराखंड राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों का चयन किया है। इस सूची में जनपद नैनीताल से मोहन लोशाली एवं उनकी पत्नी दीपा लोशाली का नाम शामिल है। दोनों किसानों को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रतिभाग करने के लिए औपचारिक निमंत्रण प्राप्त हो चुका है। उनके चयन से क्षेत्र के कृषकों में उत्साह का माहौल है। वहीं, उत्तराखंड में प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दस किसानों को विशेष मेहमान के रूप में आमंत्रित किया गया है। इनमें नैनीताल जिले के प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा भी शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया था। प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए गृह मंत्रालय द्वारा उन्हें विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। बताया गया है कि देशभर से लगभग 100 प्राकृतिक किसानों को गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष मेहमान के रूप में आमंत्रित किया गया है, जिनमें पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के 10 किसान शामिल हैं।

### जिला पंचायत की बैठक 27 को

**हल्द्वानी।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत महेश कुमार ने बताया कि महा. शिवरात्रि पर्व मेला 15 फरवरी की तैयारियों के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल की अध्यक्षता में 27 जनवरी मंगलवार को अपराह्न 1 बजे से सर्किट हाउस काठगोदाम में एक बैठक आहूत की जाएगी। अपर मुख्य अधिक. ारी ने संबंधित अधिकारियों से उक्त बैठक में विभागीय सूचनाओं के साथ अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

# कलश यात्रा के साथ 28 से शिवकथा

## डा. सर्वेश्वर करेंगे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से शिव तत्व की व्याख्या

शाह टाइम्स ब्यूरो




**हल्द्वानी।** एमबी इंटर कॉलेज मैदान में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के ओर से सात दिवसीय भगवान शिव कथामृत का आयोजन किया जा रहा है। शिव कथा को सफल व भव्य बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई।

शककथा में प्रख्यात कथावाचक डा. सर्वेश्वर भगवान शिव के जीवन दर्शन और शिव तत्व की वैज्ञानिक व व्यावहारिक व्याख्या प्रस्तुत करेंगे। यह बात संस्थान के स्वामी उमेशानन्द ने कही। शनिवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकार वार्ता करते हुए दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी उमेशानंद ने कहा कि दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के ओर से हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में 29 जनवरी से 4 फरवरी तक शिव कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस सात दिवसीय इस आध्यात्मिक महोत्सव की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि शिव कथा से पूर्व 28 जनवरी को नगर के मुख्य मार्गों से एक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में शामिल होंगी। जिसके बाद कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि शिव कथा में प्रख्यात कथावाचक डा. सर्वेश्वर (पीएचडी, आईआईटी दिल्ली) द्वारा भगवान शिव के जीवन दर्शन और शिव तत्व की वैज्ञानिक व व्यावहारिक व्याख्या प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस शिवकथा में प्रद. 'श के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का जागरण करेगा, बल्कि सामाजिक जागृति, नैतिक मूल्यों के संवर्धन एवं आध्यात्मिक उत्थान का एक सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। उन्होंने सभी शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। पत्रकार वार्ता में राजेश अग्रवाल, गोपाल पाल, भगवान सहाय, दीवान डोंगरा, जसनीत सिंह, चंद्रशेखर पांडे, जगदीश चंद दुर्गापाल, मोहन कांडपाल आदि लोग मौजूद रहे।

# जनजातीय खेल प्रतियोगिता कल

**हल्द्वानी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर खेल विभाग की ओर से जिला स्तरीय अनुसूचित जनजाति वर्ग की ओपन बालक व बालिका वर्ग की कबड्डी व फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 26 जनवरी पीएमश्री राजकीय महाविद्यालय रामनगर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी व 1 टीम मैनेजर सहित कुल 13 सदस्य शामिल होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को अपने साथ आधार कार्ड व जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

# प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल द्वारा संगठन में सभी क्षेत्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत कई सक्रिय और सामाजिक-व्यापा. रिक हितों के लिए संघर्ष करने वाले व्यापारियों को संगठनात्मक दायित्व सौंपे हैं। संगठन के प्रदेश सचिव शैलेश साह ने भवाली के प्रतिष्ठित व्यापारी ज्ञान बिष्ट को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भवाली के गौरव जोशी को जिला संगठन मंत्री, गरमपानी के गोधन बर्गली एवं भवाली के महेंद्र बिष्ट को जिला सचिव तथा नगरपा. लिका के पूर्व अध्यक्ष भुवन सिंह अधिकारी को जिला संरक्षक नियुक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव शैलेश साह ने कहा कि भवाली पर्यटन की दृष्टि से पूरे कुमाऊं का प्रमुख केंद्र है, जो संपूर्ण पर्वतीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने बताया कि नैनीताल सहित भवाली, रामगढ़, भीमताल, कैंची धाम, मुक्तेश्वर एवं अन्य क्षेत्रों के व्यापारियों के हितों के संरक्षण और संघर्ष के लिए संगठन में ऐसे तेज-तर्रार और कर्मठ व्यापारियों को ही जिम्मेदारी दी जाएगी जो जिला प्रशासन के समक्ष व्यापारियों की आवाज को मजबूती से उठा सकें। पदाधिकारियों के मनोनयन पर संगठन के प्रदेश सचिव शैलेश साह, प्रदेश सलाहकार डा. रमेश पांडे, जिला संयोजक प्रवीण साह, जिला उपाध्यक्ष अक्षय अग्रवाल, जिला सचिव मनीष साह, संयोजक धर्म यादव, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, सह संयोजक देवेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष कुंदन बिष्ट, जिला महामंत्री प्रज्ञान भारद्वाज ने खुशी व्यक्त की।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:** एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

05946-250286

**मुख्यालय:** मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### शताब्दी समारोह का भव्य समापन, ज्योति कलश यात्रा शांतिकुंज पहुंची

# हम बदलेंगे युग बदलेगा का संदेश ब्रह्माण्डीय आदेश : राज्यपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य की साधना के सौ वर्ष, माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी तथा सिद्ध अखण्ड दीप के प्राकट्य के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित शताब्दी समारोह आज भव्यता एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हो गया। शताब्दी समारोह के प्रथम चरण में निकाली गई ज्योति कलश यात्रा अपनी मातृसंस्था शांतिकुंज पहुंची। उल्लेखनीय है कि यह ज्योति कलश यात्रा भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका सहित २० से अधिक देशों में निकाली गई, जिससे गायत्री परिवार के संदेश को वैश्विक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाया गया। मातृ समर्पण समापन समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शताब्दी समारोह को युग-परिवर्तन का सशक्त संकेत बताते हुए कहा कि यह आयोजन




नवयुग के शुभारंभ की घोषणा है। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार ने मानवता को जो मूल संदेश दिया है, हम बदलेंगे तो युग बदलेगा। वही आज ब्रह्मांडीय आदेश के रूप में सामने आ रहा है। माननीय राज्यपाल ने शिवजी के त्रिशूल की उपमा देते हुए विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु भारत को उसके तीन स्वरूप बताया। उन्होंने 51 दिवसीय (वसुधा वंदन समारोह से लेकर समापन तक) इस यात्रा को चेतना-जागरण और नवयुग-जागरण की यात्रा कहा तथा साधकों से आग्रह किया कि वे अपनी सोच, विचार और जीवन-दृष्टि को सर्वजन हिताय, बहुजन सुखाय के भाव से जोड़ने का संकल्प लेकर जाएँ। राज्यपाल ने ज्योति को युग-परिवर्तन का प्रतीक बताते हुए साधकों और स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना की तथा गायत्री मंत्र को आत्मा और ब्रह्मांडीय चेतना के मिलन का दिव्य माध्यम बताया।

समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या जी ने इस अवसर को "सौभाग्य की त्रिवेणी" बताते हुए माननीय राज्यपाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा समस्त गायत्री साधकों का आभार प्रकट किया। दलनायक डॉ. पण्ड्या ने कहा कि आज आध्यात्मिकता को सोशल मीडिया के 'लाइक्स' से आँका जा रहा है, जबकि सच्ची साधना चमत्कार नहीं, परिष्कार का मार्ग है। गुरु अनेक मिल सकते हैं, पर पिता समान गुरु, वर्षों की प्रतीक्षा के बाद मिलते हैं। उन्होंने कहा कि प्रकाश के लिए आँखें खोलनी पड़ती हैं और जिसने भगवान को दिया है, वह कभी खाली हाथ नहीं रहता। अंत में उन्होंने जीवन में ग्रहणशीलता विकसित करने का आह्वान करते हुए साधना और सेवा को सार्थक बनाने का संदेश दिया।

# एसएसपी ने दिए गणतंत्र दिवस पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गणतंत्र दिवस से पूर्व एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश किए जारी किए हैं। एसएसपी ने गणतंत्र दिवस पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा उपकरणों सहित चौकिंग करने, संदिग्ध गतिविधियों एवं आवाजाही, होटल, बस अड्डा एवं रेलवे स्टेशन पर रहेगी विशेष नजर रखने के निर्देश भी दिए हैं।



गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले प्रत्येक समारोह के समय स्थान, आने वाले विशिष्ट व्यक्ति का विवरण अपने पास उपलब्ध रखने, प्रस्तावित कार्यक्रमों में सम्भावित भीड़ का आंकलन कर प्रभावी पुलिस व्यवस्था करने, महत्वपूर्ण समारोह स्थल का हैण्ड हैंडल्ड मैटल डिटेक्टर से एन्टीसबोटाज चौकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने, थाना क्षेत्रान्तर्गत महत्त्वपूर्ण संस्थानों/सार्वजनिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था विशेष रूप से सुनिश्चित करने, ताकि अवांछनीय व समाज विरोधी तत्व गंणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर किसी प्रकार की तोड़ फोड़ आदि की कार्यवाही न कर सके। ऐसे स्थानों की पहचान करने जहां पर अवांछित व्यक्ति आकर रूक सकते हैं या छिपकर किसी प्रकार की हिसांत्मक गतिविधि को अंजाम दे सकता हैं। बस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों, सिनेमा घरों, होटलो, ढाबों आदि की आकस्मिक रूप से चौकिंग करने, बम निरोधक दस्ते को लगातार राउंड करने, संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी देने के लिए आमजन को प्रोत्साहित करने, गंणतन्त्र दिवस समारोह के सम्पन्न होने तक लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में उप निरीक्षक के नेतृत्व में मोबाइल पार्टी नियुक्त करने और जनपद की सीमा पर लगातार 24 घंटे चेकिंग कराने के निर्देश दिए हैं।

# जमीन खरीदने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी का आरोप लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जमीन खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी एवं लाखों रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए नोएडा निवासी वीर सिंह चौहान ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि शिवालिक नगर निवासी संजय मेहरा ने जमीन खरीदने बेचने के नाम पर लाखों रुपए हड़प कर लिए हैं। वीर सिंह चौहान ने कहा कि कनखल, ज्वालापुर, सहारनपुर, नुकड आदि क्षेत्र के लोगों को भी जमीन खरीदने बेचने का नाम पर ठगा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संजय मेहरा गिरोह बनाकर लोगों के खून पसीने की कमाई को ठग रहा है। वीर सिंह चौहान ने बताया कि मुझे सहारनपुर में जमीन दिखाई गई थी। लेकिन एग्रीमेंट करने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई। सहारनपुर में भी संजय मेहरा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। लाखों रुपए जमीन दिलाने के नाम पर ठग लिए गए। संजय मेहरा खुद ही जमीन को खरीदता एवं




बेचता है। पैसे लेने के बाद रजिस्ट्री नहीं करता है और तरह-तरह के बहाने बनाता है। कनखल निवासी अमित कुमार, सनी खत्री, प्रमोद कुमार, धर्मपाल, शिवगोपाल शर्मा आदि ने भी जमीन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने का आरोप लगाया है। इन लोगों द्वारा भी ज्वालापुर एवं रानीपुर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी है। लेकिन अब तक ठोस कार्यवाही संजय मेहरा के खिलाफ नहीं हो रही है। लोगों का कहना है कि हमारे पैसे वापस दिलाए जाएं और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ितों ने मानसिक उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया और जमीन बेचने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर रहे भू माफिया संजय मेहरा को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हरिद्वार में मतदाता जागरूकता अभियान

# अधिकारियों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को दिलाई गई शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद हरिद्वार में लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जिला कार्यालय सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती नागरिकों की जागरूकता और निष्पक्ष मतदान पर निर्भर करती है। उन्होंने शपथ दिलाते हुए सभी से आग्रह किया कि वे प्रत्येक चुनाव में बिना किसी प्रलोभन, दबाव और भेदभाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा अन्य नागरिकों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी भी है, जिससे देश की दिशा और दशा तय होती है।

अपर जिलाधिकारी ने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि जिन युवाओं ने १८ वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराएं और अपना फोटो पहचान पत्र बनवाएं, ताकि किसी भी चुनाव में वे निर्बाध रूप से मतदान कर सकें। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति लोकतंत्र की रीढ़ है और यदि युवा वर्ग जागरूक होकर मतदान करेगा, तो शासन व्यवस्था अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनेगी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर केवल जिला कार्यालय ही नहीं, बल्कि जनपद के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी कार्यालयों में भी मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लिया। अधिकारियों का कहना था कि कम उम्र से ही बच्चों और युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे आगे चलकर सक्रिय और जागरूक मतदाता बन सकें।

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज ज्वालापुर, केवी इंटर कॉलेज लक्सर तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बुग्गावाला हरिद्वार में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई गई। विद्यालयों में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतंत्र की भूमिका और नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी संकल्प लिया कि वे भविष्य में अपने मताधिकार का सही और निष्पक्ष प्रयोग करेंगे तथा समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। इसी क्रम में जल निगम कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी मतदाता जागरूकता की शपथ ली। कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं समय पर मतदान करेंगे और अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी और भी अधिक होती है, क्योंकि समाज उन्हें एक आदर्श के रूप में देखता है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना, नए मतदाताओं का पंजीकरण बढ़ाना और मतदान प्रतिशत में वृद्धि करना है। हरिद्वार जनपद में प्रशासन द्वारा निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक नागरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ सकें। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त बन सकता है, जब प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझे और निष्पक्ष रूप से मतदान करे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे जाति, धर्म, क्षेत्र या किसी भी प्रकार के प्रलोभन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में मतदान करें।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इन कार्यक्रमों से जनपद में लोकतांत्रिक चेतना को नई ऊर्जा मिली है। अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की सहभागिता से यह संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। प्रशासन ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के आयोजनों से आने वाले समय में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनेगी।

## किरायेदार ने फंदे से लटककर दी जान, कलह बनी वजह

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर के मोहल्ला चौहानान में शनिवार को एक किरायेदार ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मूल रूप से फतेहपुर (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले 40 वर्षीय मनीष कुमार यहाँ किराये पर रहकर मजदूरी और ड्राइविंग का काम करते थे। सुबह जब मनीष काम पर नहीं पहुंचे और फोन का जवाब नहीं दिया, तो दुकान मालिक उनके कमरे पर पहुंचे। कमरे का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए; मनीष का शव फंदे से लटका हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच में सामने आया कि मनीष का अपनी पत्नी के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था और घटना के समय पत्नी घर पर नहीं थी। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के अनुसार, मामला घरेलू कलह से जुड़ा लग रहा है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## 11 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को भारी मात्रा में स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 11 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किए हैं। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल भी सीज कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पुलिस टीम ध्रुव चैरिटेबल अस्पताल से श्यामपुर जाने वाले मार्ग पर गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिनेश कुमार गुप्ता निवासी सर्वोदय नगर, जिला बरेली (उत्तर प्रदेश) बताया। पुलिस ने आरोपी की काले रंग की पैशन प्रो बाइक को भी कब्जे में ले लिया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी नशे की यह खेप बरेली से कहाँ सप्लाई करने जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रचना, उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह और हेड कांस्टेबल बृजमोहन व कुलदीप सिंह शामिल रहे।




## मकान का सौदा कर हड़पे लाखों, बैनामा करने से मुकरा दंपती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रॉपर्टी बेचने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने और धोखाधड़ी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की शिकायत पर ज्वालापुर पुलिस ने पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला हज्जाबान निवासी शाहबाज ने पुलिस को बताया कि उन्होंने इसी मोहल्ले की रहने वाली आसमा उर्फ अनुराधा से साढ़े सत्रह लाख रुपये में एक मकान का सौदा किया था। इकरारनामे के अनुसार 3 लाख रुपये बयाना दिया गया था। आरोप है कि रजिस्ट्री की तय तारीख पर महिला उपनिबंधक कार्यालय तो आई, लेकिन बहानेबाजी कर बैनामा नहीं किया। बाद में महिला ने बयाने की रकम कम बताकर और उसके पति सुल्तान ने अतिरिक्त पैसे लेकर धोखाधड़ी की। जब पीड़ित ने विरोध किया, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महानगर कांग्रेस कमेटी ने लिया गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने बैठक का आयोजन कर गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया है। मायापुर स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने हरियाणा में आयोजित संगठन प्रशिक्षण शिविर की जानकारी देते कहा कि प्रशिक्षण शिविर से समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज बनकर संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। कांग्रेस का रास्ता महात्मा गांधी के उन सपनों को पूरा करने का है, जो जनसेवा के माध्यम से ही संभव है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर और पूर्व विधायक रामयश सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि कैसे स्वतंत्रता संग्राम के योद्धाओं ने संविधान को बनाने का काम किया आज उसकी रक्षा के लिए हमें संकल्पित रहना होगा। पूर्व प्रदेश महासचिव वरुण बालियान और वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा ने



कहा कि आजादी हमें वर्षों के संघर्ष के बाद मिली। जिसमें सैकड़ों वर्षों के मंथन से हमें संविधान मिला। जिसकी रक्षा करना हमारा नैतिक धर्म भी है और कर्तव्य भी है। जिला महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव और पूर्व अध्यक्ष महिला कांग्रेस अंजू द्विवेदी ने कहा कि गणतंत्र दिवस को इस वर्ष हर वर्ष की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा। वरिष्ठ नेता इरफान अंसारी और पूर्व पार्षद इसरार अहमद ने कहा कि कांग्रेस जन हर कीमत चुकाकर भी संविधान की रक्षा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पार्षद सोहित सेठी, वरिष्ठ श्रमिक नेता विकास सिंह, जिला महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रचना शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी, पूर्व पार्षद रियाज अंसारी, जतिन हाण्डा, बलराम गिरी कड़क, पवन शर्मा, करन सिंह राणा, रोहित नेगी, सतेंद्र वर्मा, अरूण चौहान, अशोक गुप्ता, प्रदीप त्यागी, अनुज चौहान, मुन्ना मास्टर, मनीष गुप्ता, रवि कुमार लड्डू आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा नेता के बेटे ने दो मेडल जीत कर बढ़ाया शहर का मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा नेता जगजीवन राम के बेटे प्रिंस कुमार ने वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दो मेडल जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। उन्हें इस उपलब्धि पर कई लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं। देवपुरा स्थित भारत सेवाश्रम में आयोजित सुब्रत क्लासिक नेशनल फुल पावरलिफ्टिंग एंड वेट लिफ्ट चौपियनशिप में भाजपा नेता जगजीवन राम के बेटे प्रिंस कुमार ने दो गोल्ड मेडल जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की है। जगजीवन राम ने बताया कि डीएवी जगजीतपुर के कक्षा 11 के छात्र प्रिंस कुमार ने फुल पावर लिफ्टिंग में 205 किलो भार वर्ग एवं 165 से 100 किलो भार वर्ग में दो गोल्ड मेडल जीते हैं। प्रिंस कुमार ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए देश के लिए मेडल जीतना है। जिसके लिए में तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए और पढ़ाई के साथ खेलों में कैरियर बनाना चाहिए।



## दहेज के लिए विवाहिता का उत्पीड़न, ससुराल पक्ष पर मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शादी के बाद से ही कार और नकदी की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर ज्वालापुर कोतवाली में पति, सास और ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

नसीरपुर निवासी नवनीत कौर ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनका विवाह साल २०२२ में गुरजीत सिंह पन्नू के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष ने चारपहिया वाहन और ५ लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उनके साथ मारपीट की गई और तांत्रिक के पास ले जाने का दबाव बनाया गया। पीड़िता का आरोप है कि उनका पति उनके आभूषण भी छीनकर ले गया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पति गुरजीत, ससुर निर्मल सिंह और सास गुरमीत कौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मेयर किरण जैसल एवं पूर्व मेयर मनोज गर्ग ने किया मां गंगा की प्रतिमा का अनावरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महाराजा अग्रसेन घाट समिति द्वारा मां गंगा की प्रतिमा का अनावरण एवं महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेयर किरण जैसल एवं पूर्व मेयर मनोज गर्ग ने प्रतिमा का अनावरण किया। मेयर किरण जैसल एवं पूर्व मेयर मनोज गर्ग ने कहा कि घाट समिति द्वारा मां गंगा की मूर्ति स्थापित करने का निर्णय स्वागत योग्य है। मां गंगा की मूर्ति स्थापित होने से भक्तों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने कहा कि मां गंगा भक्तों का कल्याण करती है। घाट को स्वच्छ सुंदर बनाए रखें। महाराजा अग्रसेन घाट समिति के अध्यक्ष रामबाबू बंसल एवं महामंत्री डा.विशाल गर्ग ने कहा कि काफी समय से मां भक्तों की मांग थी कि घाट पर मां गंगा की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गंगा घाटों को स्वच्छ सुंदर बनाए रखने में सभी को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। गंगा को स्वच्छ, निर्मल, अविरल बनाए रखने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। गंगा में एवं घाटों पर वेस्ट सामग्री, पॉलिथीन, पुराने कपड़े नहीं फेंकने चाहिए। मां गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए सरकार निर्णायक भूमिका निभा रही है। ड.विशाल गर्ग ने कहा कि मां गंगा को निर्मल और स्वच्छ बनाए रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रदीप मेहता, संजय आर्य, नीरज गुप्ता, डा. हर्षवर्धन, श्याम गोयल, अरुण अग्रवाल, गिरीश रस्तोगी, नरेश रानी गर्ग, अरुण बंसल, गोरी गर्ग, अलका अग्रवाल, श्रवण गुप्ता, सूर्यांश अग्रवाल सहित सैकड़ों भक्तों ने गंगा आरती में भाग लिया।



# बहुत ही पालु हैं न्याय के देवता शनिदेव : कौशलपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी के परमाध्यक्ष महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि भगवान शनिदेव न्याय के देवता हैं। उनके दर्शन करने मात्र से ही व्यक्ति का जीवन बदल जाता है। शनिवार को मंदिर में दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आती है। पहली बार बचपन में, दूसरी बार युवावस्था में और तीसरी बार वृद्धावस्था में। उन्होंने कहा कि शनिदेव ही साढ़ेसाती के संकट को दूर करते हैं। न्याय के देवता शनिदेव भगवान बहुत ही कृपालु हैं। श्रद्धापूर्वक उनकी पूजा अर्चना करने से साढ़ेसाती का संकट भी दूर हो जाता है। भगवान शनिदेव की कृपा से जीवन भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने बताया कि अमावस्या की रात में 8 बादाम और काजल की डिबिया को काले कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख लें। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा सदैव बनी रहती है और कारोबार में बरकत होती है। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि देवताओं के न्यायाधीश शनिदेव की लीला अपरंपार है। शनिदेव की पूजा करने से सकारात्मक फल की प्राप्ति होती है। इसलिए जीवन में सदैव सत्याचरण का पालन करते हुए सद्मार्ग पर चलें। गरीब, असहाय लोगों की मदद करें। नशे से दूर रहें और सात्विक आहार और व्यवहार का पालन करें। ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होकर भक्तों का कल्याण करते हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान को घर घर तक पहुंचाएं : डॉ सुनीता टम्टा

■ लैंगिक भेदभाव और लिंग चयन को कहें - ना विषय पर कार्यशाला का आयोजन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग देहरादून द्वारा ग्राफिक एरा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज देहरादून के सहयोग से लैंगिक भेदभाव और लिंग चयन को कहें - ना विषय पर कार्यशाला का आयोजन जीआईएमएस संस्थान के सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ सुनीता टम्टा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। किंतु समाज के कुछ हिस्सों में अभी भी बेटियों को अब भी लैंगिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। जिस दिन हम लैंगिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान को घर घर तक पहुंचाने में सफल होंगे, उस दिन बालिका दिवस जैसे अभियान सार्थक सिद्ध होगा।

संयुक्त निदेशक विधि जीसी पंचोली एवं अभियोजन अधिकारी सोफिया बेगम ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए अधिनियमित अन्य कानूनी अधिकारों की जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान की। चीफ एलडीसी अजय बडोनी ने छात्र छात्राओं को बालिकाओं से संबंधित कानूनों की जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि अम्बर कोटनाला द्वारा बालिकाओं के लिए विधिक सेवा एवं सहायता के संबंध में जानकारी दी गई।



संस्थान में रेडियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ गोपेश द्वारा भी बालिका दिवस के अवसर पर लिंग जांच रो. कने संबंधी जानकारी दी गई।

इससे पहले संस्थान में छात्र छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ रैली का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सहित अन्य अधिकारियों एवं संस्थान के प्राध्यापकों द्वारा रैली में प्रतिभाग किया गया।

## बालिकाओं के लिए समानता का अर्थ अवसरों की समानता : सीएमओ

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि बालिकाओं के लिए समानता का अर्थ अवसरों की समानता है। लिंग के आधार पर भेदभाव विधि के अधीन दंडनीय अपराध है। इस अपराध को रोकने के लिए समाज को और विशेष रूप से चिकित्सकों को भी आगे आना होगा।

कार्यशाला के दौरान संस्थान के छात्र छात्राओं द्वारा लैंगिक भेदभाव को ना कहें विषय पर पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यशाला में कविता पाठ करने वाली छात्रा तथा नाटिका प्रस्तुत करने वाले प्रस्तुतकर्ता छात्र छात्राओं को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों एवं अधिकारियों को संस्थान द्वारा स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, संस्थान के डीन डॉ एस एल जेठानी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पी.सी.पी.एन.डी.टी. डॉ विमलेश जोशी, संयुक्त निदेशक विधि जी सी पंचोली, संस्थान के एसोसिएट डीन एस एस डोगरा, संस्थान के रेडियोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ गोपेश, पीसीपीएनडीटी समन्वयक ममता बहुगुणा, उदय सिंह सहित संस्थान के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

# दो मंजिला छानी में लगी आग की चपेट में एक भैंस जलकर हुई राख

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया।** कालसी ब्लॉक अंतर्गत सकनी गाँव की बांदला छानी में देर रात अचानक आग लगने से उसमें बंधी एक गाभिन भैंस जलकर मर गई।



चंदर सिंह का पुत्र महेंद्र सिंह अपनी आवासीय छानी में अक्सर रहता है माघ मरोज पर्व के चलते वह हर रोज भैंस को चारा पत्ती आदि कार्य के करने के बाद गाँव जाता था। शुक्रवार शाम को भैंस को चारा पत्ती देने के बाद महेंद्र सिंह शाम को अपने घर के लिए निकल गया। शनिवार सुबह जब महेंद्र सिंह अपनी छानी गया तो उसने देखा उनकी दो मंजिला आवासीय छानी जलकर राख हो गई है और दो मंजिला छानी के नीचे वाले कमरे में बंधी भैंस भी जलकर मर गई और ऊपर वाले कमरे में रखा उसका सामान बर्तन,कपड़े आदि भी जलकर राख हो गए। ये सब देख महेंद्र सिंह सदमे में है

उसने बताया कि वो इसी भैस से अपनी आजीविका चलाता था। बताया कि भैस गाभिन थी आगामी माह में भैस बच्चा देने वाली थी। ये सब देख वह रोता हुआ गांव पहुंचा। उसे रोता देख परीवार व ग्रामीणो ने उससे कारण पूछा तो उसने बताया कि उनकी दो मंजिला छानी जलकर राख हो गई है साथ में भैंस भी जलकर मर गई है। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना क्षेत्रीय पटवारी को दी।

आगजनी की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पटवारी कल्पना चौहान मौका मुआयना करने घटनास्थल पहुंची। उन्होंने बताया कि सकनी गाँव की बादला छानी में सकनी निवासी चंदर सिंह की दो मंजिला आवासीय छानी जलने की सूचना मिलने पर घटनास्थल का मुआयना किया गया दो मंजिला (आवासीय) छानी में एक गाभिन भैस आग में झुलसकर मर गई है जिसकी रिपोर्ट बनाकर आगे भेज दी गई है साथ ही गाभिन भैस के मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए पशु चिकित्साधिकारी को भी रिपोर्ट भेजी गई है।

## बड़ी मछलियों को बचाने का प्रयास कर रही सरकार: डॉ प्रतिमा

■ लोकायुक्त अभी भी गुणशुदा है, यही है भाजपा का असली चेहरा

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रतिमा सिंह ने एक बयान जारी करते हुए भाजपा पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस अगेंस्ट करप्शन की बात करने वाली भाजपा आज सर से पैर तक भ्रष्टाचार में लिप्त है, अभी हाल ही में होमगार्ड वर्दी घोटाला सामने आया जिसने पंद्रह दिन पहले खुलासा हुआ जिसके पूर्व कमांडेंट ने पत्र शासन को लिखा था जिसके बाद शासन ने खुद्द अधिकारियों की टीम गठित की और फिर डिप्टी कमांडेंट को निलंबित कर दिया बिना उन्हें शो कॉज नोटिस दिए, अब उनका निल. बन किसको बचाने के लिए किया गया है और ये वित्तीय अनियमितता तो सिर्फ 2024-2025 की ही है इसके पहले की अनियमितताओं की भी जांच होनी चाहिए। सरकार एक अधिकारी को निलंबित करके इतिश्री नहीं कर सकती।

उनहोने कहा कि मंत्री गणेश जोशी के खिलाफ आए से अधिक मामले में जब विजिलेंस ने अनुमति मांगी थी तब सरकार ने अनुमति नहीं दी, जिस मजिस्ट्रेट ने ये आदेश दिया था उसका स्थानांतरण करवा दिया गया, सैन्य धाम घोटाले में भी सरकार की चुप्पी बता रही है कि सिर्फ गणेश जोशी नहीं सब मिले हुए हैं।

ये वही भाजपा है जिसने लोकायुक्त के मुद्दे पर जानता को छलने का कार्य किया था आज डबल इंजन की सरकार को सात साल से ज्यादा का समय हो गया है पर लोकायुक्त अभी भी गुणशुदा है। उन्होने कहा कि एनएच-74 घोटाले में सीबीआई की जाँच अब तक नहीं हुई ये बातें सिर्फ जानता को भ्रमित करने के लिए भाजपा करती है।

## सैन्य जीवन के साथ करियर भी बनाया

**देहरादून।** देश में 77वें गणतंत्र दिवस का जश्न मनाया जा रहा है और देश सेवा करने वाले सैनिकों को सम्मान दिया जा रहा है। इस अवसर पर एमेजॉन ने प्रदर्शित किया है कि वह न सिर्फ सैनिकों, बल्कि उनके पीछे की ताकत को भी सहयोग देता है। ऐसी ही एक कहानी है, प्रियंका बाली की, जिन्होंने सैन्य परिवार की चुनौतियों का सामना करते हुए अपना करियर भी बनाया।सैनिकों की पत्नियाँ अभूतपूर्व मजबूती और अनुकूलन प्रदर्शित करती हैं। वे अपने जीवनसाथी को देशसेवा करने में सहयोग देती हैं। उनकी महत्वपूर्ण प्रतिभा को पहचानकर एमेजॉन ने साल 2019 में अपना मिलिटरी प्रोग्राम लॉन्च किया और सैनिकों एवं सैनिक पत्नियों को एमेजॉन के साथ करियर बनाने का अवसर दिया। लचीली नीतियों, वॉरियर्सएटएमेजॉन जैसे एफिनिटी समूहों और इंटरनल मोबिलिटी के अवसरों से इसमें मदद मिली।

# शाइस्ता अंसारी को गोल्ड मेडलिस्ट चयनित कर राज्यपाल ने स्नातक की उपाधि से नवाज़ा




शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित षष्ट्म दिक्षांत समारोह में एसबी कालेज ऑफ एजुकेशन विकासनगर के बीएससी ;आईटीद्ध की छात्रा शाइस्ता अंसारी को विश्वविद्यालय द्वारा गोल्ड मेडलिस्ट चयनित कर दिक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति के द्वारा छात्रा को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई। संस्थान की प्राचार्या डा. सुधा वर्मा ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने समस्त छात्र छात्राओं को शाइस्ता अंसारी की तरह मेहनत कर अपने माता पिता एवं गुरूजनों का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर .......

### आमवाला शिविर में उमड़ा जनसैलाब

**देहरादून।** सुशासन और संवेदनशील प्रशासन के संकल्प के साथ शनिवार को विकासखंड सहसपुर की न्याय पंचायत आमवाला में बहुउद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में ‘सरकार’ खुद ग्रामीणों के द्वार पर पहुंची, जिससे क्षेत्र के 921 लाभार्थी सीधे तौर पर लाभान्वित हुए।शिविर में ग्रामीणों ने कुल 81 शिकायतें दर्ज कराईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने शेष 71 शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। सबसे अधिक 12 शिकायतें विद्युत विभाग की रहीं, जबकि लोक निर्माण, सिंचाई और राजस्व विभाग से संबंधित मामले भी प्रमुखता से आए।स्वास्थ्य और जन कल्याण सेवाओं की धूम ’ स्वास्थ्य जांच: स्वास्थ्य विभाग ने शिविर में एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक पद्धति से कुल 360 लोगों की जांच कर मुफ्त दवाइयां बांटी।इस अवसर पर कनिष्ठ प्रमुख धीरज गुलेरिया, तहसीलदार विवेक राजौरी, खंड विकास अधिकारी मुन्नी शाह सहित विभिन्न ग्राम प्रधान और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त मजिस्ट्रेट ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाना है।

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए पुलिस ने ली निष्पक्ष मतदान की शपथ

**देहरादून।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को देहरादून पुलिस द्वारा जनपद के सभी थानों और कार्यालयों में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने आगामी निर्वाचनों में निर्भीक होकर मतदान करने और लोकतांत्रिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।पुलिस कार्यालय देहरादून में पुलिस अधीक्षक विकासनगर ने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। बिना किसी प्रलोभन (धर्म, जाति, समुदाय या भाषा) के प्रभावित हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखना। जनपद के समस्त थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में एक साथ शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां तैनात सभी पुलिसकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।पुलिस विभाग ने इस अवसर पर संदेश दिया कि एक जागरूक मतदाता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है और पुलिस बल निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### 253 युवाओं के हाथों में थमा भविष्य, अजय टम्टा ने बांटे नियुक्ति पत्र

**देहरादून।** शक्तिसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देते हुए शनिवार को सीमाद्वार स्थित आईटीबीपी कैंप में भव्य रोजगार मेला 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सरकारी संगठनों के लिए चयनित 253 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।देशभर के 45 केंद्रों पर आयोजित इस मेले के जरिए कुल 61 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियों की सौगात मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी।

केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी आई है, जिससे युवाओं को पारदर्शिता के साथ समय पर रोजगार मिल रहा है। समारोह में विधायक सविता कपूर, आईजी मनु महाराज सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### एसएसपी ने परखीं तैयारियाँ, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**देहरादून।** आगामी 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून ने परेड ग्राउंड पहुंचकर रैतिक परेड की रिहर्सल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सघन चेकिंग की जाए। सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल पर किसी भी प्रकार की ज्वलनशील सामग्री ले जाना पूरी तरह प्रति. बंधित रहेगा। विशिष्ट अतिथियों के आगमन और भारी भीड़ को देखते हुए यातायात एवं पार्किंग के लिए पूर्व निर्धारित स्थलों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।इस वर्ष परेड में सेना, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, हिमाचल पुलिस, पीएसी (पुरुष व महिला), होमगार्ड, पीआरडी और एनसीसी (बॉयज व गर्ल्स) की कुल 10 प्लाटून हिस्सा ले रही हैं। एसएसपी ने अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर समय से सभी तैयारियाँ पूर्ण करने को कहा है।

### परेड ग्राउंड में तैयारियां पूरी, होगा ध्वजारोहण

**देहरादून।** राजधानी में 77वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने शनिवार को परेड ग्राउंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा के अनुरूप सुरक्षा और सुविधाओं में कोई चूक न हो।समारोह का आगाज सुबह 10:00 बजे परेड कमांडर द्वारा कमान संभालने के साथ होगा।समारोह में पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# किसानों ने अधिशासी निदेशक का किया सम्मान

■ तीन वर्ष के कार्यकाल में किसान हितैषी फैसलों और भरोसेमंद प्रशासन को मिला समर्थन

शाह टाइम्स संवाददाता

**डोईवाला** - शुगर मिल डोईवाला स्थित गेस्ट हाउस में क्षेत्र के किसानों द्वारा चीनी मिल डोईवाला के अधिशासी निदेशक (पीसीएस) डीपी सिंह का किसानों ने उनके लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान किसान हित में लिए गए निर्णयों, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और सुचारु संचालन के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

किसानों ने यह भी कहा कि डीपी सिंह का कार्यकाल केवल प्रशास. निक सुधारों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने मिल प्रशासन और



किसानों के बीच भरोसे का मजबूत सेतु तैयार किया।

गौरतलब है कि अधिशासी निदेशक डीपी सिंह का कुछ दिन पूर्व स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन नए अधिकारी द्वारा अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किए जाने के कारण वह वर्तमान में अपने पद पर कार्यरत हैं।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र खालसा ने कहा कि डीपी सिंह ने अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी और उनके समाधान के लिए ईमानदार प्रयास किए। किसानों के प्रति उनकी संवेदनशील और सकारात्मक कार्यशैली प्रशंसनीय रही है।

पर्यावरण प्रेमी दरपान बोरा ने कहा कि अधिशासी निदेशक ने हमेशा स्थानीय किसानों को प्राथमिकता दी और प्रशासन व किसानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिला।

पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक मनोज नौटियाल ने कहा कि मिल से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और व्यवस्था बनाए रखने में डीपी सिंह की भूमिका सराहनीय रही है।

सम्मान समारोह में अधिशासी निद. शक डीपी सिंह ने कहा कि किसानों का सम्मान और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिल प्रशासन भविष्य में भी किसानों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करता रहेगा।

समारोह में गुरदीप प्रधान, उमेद बोरा, ईश्वर चंद पाल, ताजेन्द्र सिंह, कमल अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान का किया स्वागत



**देहरादून।** प्रदेश की कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का उत्तराखंड आगमन पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को भगवान बदरीनाथ धाम का पटका एवं प्रसाद भी भेंट किया।

# सीजन की पहली बर्फबारी के बाद चकराता में लगा सेलानियों का तांता



शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया/चकराता।** देहरादून जिले के हिल स्टेशन चकराता में सीजन की पहली बर्फबारी का दीदार करने शनिवार को पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा। शुक्रवार से लगातार सैलानियों के आने का सिलसिला जारी है जिससे सहिया, चकराता बाजार में काफी रौनक बढ़ गई है। सैलानियों के आने से कोरुवा और चकराता के बीच लगभग 3 किलोमीटर से अधिक लंबा जाम लगा रहा। यातायात व्यवस्था बनाने के लिए कालसी चकराता थाना पुलिस अपनी टीम के साथ पर्यटकों के साथ साथ चलते रहे।

बर्फबारी देखने के लिए शनिवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी, चंडीगढ़, हिमाचल के साथ साथ देहरादून से भी बड़ी संख्या में सैलानी चकराता पहुंच रहे है। इस दौरान सैलानियों ने जगह जगह बर्फबारी का लुत्फ उठाया। सैलानियों के आने पर सहिया में भी जाम लगा।

## हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का लिया संकल्प



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर जीतगढ़ बाला सुंदरी मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में यह निश्चित किया गया कि विराट हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी प्रातः 10 बजे, द्रोणा पब्लिक स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी हंसराज (खंड कार्यवाह, विकासनगर खंड) द्वारा विस्तार से दी गई। साथ ही संघ के पाँच परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए सभी हिंदू समाज के लोगों से आग्रह किया गया कि वे इस विराट सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें, ताकि समाज को संगठित, सशक्त और जागरूक किया जा सके। बैठक में चमन नेगी (खंड संपर्क प्रमुख), अधिवक्ता गुरमेल सिंह राठौड़, नितिन भारद्वाज, शुभम, पंकज, कर्नल दीपक गुरुङ, नरेंद्र राठौड़, प्रीतम तोमर, अमित चौहान, देवेश, शेखर राणा, सुरेशानंद बेलवाल, आशा चौहान, सपना रावत, मोहिनी, पूजा बिष्ट, रोमा बेलवाल, रेखा ठाकुर, सरिता सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन को ऐतिहा. सिक और सफल बनाने का संकल्प लिया।

## दून विश्वविद्यालय में विशेष कार्यशाला का आयोजन

**देहरादून।** दून विश्वविद्यालय के गणित विभाग में एनालिसिस और पार्शियल डिफरेंशियल इक्वेशन पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत सरकार की प्रमुख रिसर्च फंडिंग एजेंसी, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की श्वैज्ञानिक सामा. जिक जिम्मेदारी पहल के तहत आयोजित की गई। इस कार्यशाला के मुख्य समन्वयकों में प्रोफेसर आशा राम गैरोला, डॉ. कोमल और डॉ. सरिता सिंह शामिल रहे।विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने गणित विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों के शैक्षणिक विकास और भविष्य के रिसर्च के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं।

# कवि नीरज की काव्य संग्रह का विमोचन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नीरज कुमार जोशी (संतोष) द्वारा रचित एवं लिखित पद्य काव्य संग्रह आकांक्षा का विमोचन प्रशिक्षण केंद्र लोहिया हेड खटीमा में अजय पटेल जनरल मैनेजर लघु विद्युत परियोजना तथा कुमाऊं विश्व विद्यालय नैनीताल के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग प्रो. ललित तिवारी तथा पुनीत कुमार डिप्टी जनरल मैनेजर व संतोष आर्य सीनियर अकाउंट ऑफिसर द्वारा किया गया।

बता दें पिथौरागढ़ के हिमाल प्रिंटिंग प्रेस से पद्य काव्य संग्रह आकांक्षा को प्रकाशित किया गया है। पुस्तक में 228 हिंदी कविताएं हिंदी तथा कुमाऊनी भाषा में लिखी गई हैं जो समसामयिक एसामाजिक, पर्यावरणीय तथा राजनैतिक व पहाड़ की समस्याओं का प्रस्तुतीकरण हैं। हल्द्वानी निवासी नीरज कुमार जोशी एमए अर्थशास्त्र करने के बाद उत्तराखंड जल विद्युत परियोजना में लेखाकार पद से अवकाश ग्रहण कर चुके हैं। नीरज कुमार जोशी संतोष 1980 से कविता लिख रहे हैं तथा पूर्व में उनका संग्रह प्रकाशित हो चुका है। उनकी कविता पिथौरागढ़ के ज्योति अखबार में भी प्रकाशित हो चुकी है। उत्तराखंड में महिला अधिकारों तथा उनके संबंधित समस्याओं को भी इसमें समाहित है। दीप प्रज्वलन से प्रारंभ इस विमोचन समारोह में इंजीनियर चारू लोहनी, भरत शर्मा, संजय खड़ायत तथा इंजीनियर गोपाल बोरा व जगदीश जोशी पुस्तक विमोचन विमोचन में शामिल रहे। वक्ताओं ने नीरज कुमार जोशी की कविताओं का पाठ भी किया जिसमें पुलवामा की वर्षी, नई सरकार, वह भी कया जमाना था, राष्ट्रवाद का चमत्कार,नया नागरिकता कानून तथा लोकसभा चुनाव 2019 आपकी सरकार कुछ अपने तथा पलायन शामिल है।अपने संबोधन में अजय पटेल ने कहा कि कवि नीरज ने अपने शबदों से प्रेरक कविताओं की रचना कर समाज को प्रेरित करते हैं। कवि पर्यावरण से लेकर सामाजिक विषयों हमें निदान की तरु मोड़ते हैं। प्रो.लालित तिवारी ने कहा कि नीरज जोशी की रचनाएं हमें उद्वेलित करती हैं,कवि हृदय की सुनते हैं उनका लिखना मर्म से परिचय करता है, उन्होंने नीरज कुमार जोशी को साधुवाद दिया।

# वन अनुसंधान केंद्र गांजा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत वन अनुसंधान केंद्र गांजा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर स्वस्थ लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं व मर्यादाओं को बनाए रखने तथा बिना किसी प्रलोभन के धर्म,वर्ग,जाति तथा समुदाय व भाषा के नाम पर प्रभावित हुए बिना अपने मता. धिकार का प्रयोग का संकल्प लिया गया।

इस दौरान केंद्र प्रभारी रेंजर मनोज मेलकानी, योगेश तिवारी, गीता गोस्वामी, कमला जोशी, अर्जुन कुमार तथा संतोष आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### टैक्सी वाहन कर रहे यातायात प्रभावित

**नैनीताल।** नैनीताल की माल रोड और डांठ क्षेत्र में पार्क टैक्सी वाहन रोजाना यातायात को प्रभावित कर रहे हैं। लोगों ने क्षेत्र से वाहनों को हटवाने की मांग की है। बता दें कि पुलिस की लगातार गश्त के बाद भी माल रोड में पर्यटन कार्यालय व तल्लीताल रिक्शा स्टैंड के सपीप से टैक्सी वाहन नहीं हट सके हैं जिसके चलते कई बार सड़क किनारे इन वाहनों के पार्क होने से यातायात प्रभावित होता है लेकिन उसके बाद भी पुलिस इन वाहनों को नहीं हटा पाती, वहीं तल्लीताल डांठ क्षेत्र में पुलिस सहायता केंद्र के समीप ही चौपहिया वाहन पार्क हो रहे हैं जिससे क्षेत्र की सुंदरता में ग्रहण लगने के साथ यातायात भी प्रभावित होता है लेकिन पुलिस वाहनों को नहीं हटा पा रही है। लोगों ने मालरोड व तल्लीताल डांठ से पार्क वाहनों को हटाने की मांग की है। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### गणतंत्र दिवस: खेल मैदान में होगा भव्य आयोजन

**नैनीताल।** गणतंत्र दिवस पर सोमवार को मल्लीताल खेल मैदान में पुलिस की ओर से भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए पुलिस की ओर से फुल ड्रेस रिहल्सल कर ली गई है साथ ही अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी नैनीताल पुलिस की ओर से गणतंत्र दिवस पर मल्लीताल खेल मैदान में भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत रहेंगे। आयुक्त द्वारा सुबह 11 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रध्वज को सलामी दी जाएगी साथ ही आकर्षक रैतिक परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर पुलिस की ओर शनिवार को फुल ड्रेस परेड का पूर्वाभ्यास कर लिया गया है।

### मतदाता दिवस: जिला अस्पताल में शपथ दिलाई

**नैनीताल।** भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के पूर्व दिवस पर नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पीएमएस ने डाक्टरों और स्टाफ को शपथ दिलाई। पीएमएस डा. टीके टम्टा ने सभी को लो. कतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने समेत निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने की शपथ दिलाई गई साथ ही लोगों को निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति को न देखते हुए बिना किसी प्रलोभन के अपना मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया। इस अवसर पर डा. नरेंद्र सिंह रावत, डा. रविंद्र सिंह मेर, डा. वीके मिश्रा, मेट्रन शारदा गिनवाल तथा पुष्पा वर्मा व फार्मेसिस्ट आईके जोशी मौजूद थे।

राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने कई लोगों को जोड़ा पौधरोपण अभियान से नैनीताल।राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शनिवार को 558वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 558वें दिन डीडीहाट के चौबाटी स्थित मड के सूर्य देव मंदिर परिसर में स्थानीय जनता को पौधारोपण अभियान से जोड़ते हुए पौधा लगाया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल, प्रदीप कन्याल,सुभाष जोशी,गणेश दत्त जोशी, परमानंद जोशी ,लक्ष्मण सिंह देउपा, चंद्र सिंह देउपा, मदन मोहन जोशी, हयात सिंह देउपा, देवी दत्त जोशी, सुभाष जोशी, प्रकाश जोशी, दिनेश भट ,गिरीश जोशी, बबलू खड़ायत व नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# पानी नहीं आने से गुस्साएं सभासद जगाती का धरना शुरु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के घनी आबादी वाले क्षेत्र अयारपाटा में पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से गुस्साएं पालिका के अयारपाटा वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने जल संस्थान के पंप हाउस के समक्ष धरना शुरु कर दिया है। जगाती ने चेतावनी दी है जब तक पेयजल की आपूर्ति नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा।

सभासद जगाती के मुताबिक अयारपाटा वार्ड के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार के साथ ही शनिवार को भी पानी नही आया,बताया कि मामले में जब उन्होंने जल संस्थान के संबंधित क्षेत्र के जेई से फोन पर वार्ता की तो उन्होंने बिजली की समस्या की वजह से पानी की आपूर्ति न होने की बात कही। जगाती के मुताबिक बिजली न होने की दशा मेंजल संस्थान के पास पंप हाउस में करोड़ो की लागत से जेनरेटर लगे हुएं हैं उसे जनता को पानी दिया जा सकता है। कहा कि मामले में उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर शनिवार की शाम को पांच बजे से पंप हाउस के समक्ष धरना शुरु कर दिया है। कहा कि जब तक पानी की आपूर्ति नहीं होती तब तक धरना यथावत रहेगा।

# ग्राफिक एरा भीमताल के छात्रों का प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल परिसर ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्लेसमेंट परंपरा को कायम रखते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2026 बैच के 300 से अधिक छात्रों का चयन पासआउट होने से पहले ही देश-विदेश की जानीमानी मल्टी नेशनल कंपनियों में आकर्षक पैकेज पर हो चुका है। इससे पहले 2025 बैच के छात्रों ने भी इस समय तक 200 से अधिक प्लेसमेंट हासिल किया था। अमेजन, बीजा, डेलाइट ओर इन्फोसिस जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में शानदार प्लेसमेंट हासिल कर रिकॉर्ड बनाया था लेकिन 2026 बैच के छात्रों ने अपने सीनियर्स के इस रिकार्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। छात्रों को अमेजन, गूगल, एटलैसियन, टेक महिन्द्रा, कोग्निजेंट, इन्फोसिस, एलटीआई माइंडट्री, टेलीपरु ररमेंस, ग्लोबल लॉजिक, कोडिंग निंजास, कोडिआस, बीएनपी नायका सहित अनेक नाम कंपनियों से ऑफर प्राप्त हुए है। बी.टेक कंप्यूटर साइंस की छात्रा गुंजन भनवाल को वैश्विक कंपनी एटलैसियन से 66.01 लाख रूपये का पैकेज मिला है जो 2026 बैच की प्लेसमेंट की शुरूआत में ही एक बड़ा रिकॉर्ड बना। इसी बैच की छात्रा विभा चंदोला को गूगल से 54. 84 लाख रूपये का प्रतिष्ठित प्री. प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुआ है। अल्मोडा की वैष्णवी करायत को बैंक ऑफ न्यूयार्क से 22 लाख रूपये तथा रानीखेत की दिव्या शाह को जेपी मॉर्गन चेस से 19.75 लाख रूपये का पैकेज मिला है। अन्य प्लेसमेंट आंकड़ों के अनुसार इन्फोसिस में 78/ टेक महिंद्रा में 52/एलटीआई माइंडट्री में 37/कोडिंग निंजास में 30 तथा कोग्निजेंट में 17 छात्रों का चयन हो चुका है। भीमताल परिसर के 2026 बैच में अब तक कंप्यूटर साइंस के तकरीबन 250/मैनेजमेंट में तकरीबन 50 तथा कोर इंजीनियरिंग में तकरीबन 50 प्रतिशत छात्र प्लेस्ड हो चुके हैं।

**सभी उड़ानें रद्द कीं**

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने अमेरिका में भारी हिमपात की चेतावनी के बाद 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क जाने वाली या वहां से आने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी घोषणा करते बताया कि अमेरिका के पूर्वी तट पर न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और आसपास के इलाकों में रविवार तड़के से सोमवार तक खतरनाक बर्फीली आंधी और भारी हिमपात का पूर्वानुमान जारी किया गया है। एक्स पर बयान में कहा गया है, सुविधा के मद्देनजर 25 और 26 जनवरी को न्यूयॉर्क और नेवार्क जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।

# इग्नू अध्ययन केंद्र डीएसबी में प्रवेश का अंतिम मौका

- 1 जनवरी तक करें आवेदन
- उच्च शिक्षा प्राप्त करने का यह विद्यार्थियों के लिए बेहतर अवसर : प्रो. रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र डीएसबी परिसर नैनीताल में जनवरी सत्र 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी आगामी 31 जनवरी (शनिवार) तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. चंद्रकला रावत ने बताया कि इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने का यह विद्यार्थियों के लिए बेहतर अवसर है। उन्होंने कहा कि अध्ययन केंद्र डीएसबी परिसर कुमाऊं विवि में स्नातक स्तर पर बीएए स्नातकोत्तर स्तर पर एमए के साथ ही डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इग्नू की शिक्षा प्रणाली लचीली और छात्र अनुकूल है जिससे कामकाजी लोग, गृहिणियां तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थी और दूरदराज के क्षेत्रों के छात्र भी अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। विश्व. विद्यालय की ओर से प्रदान की जाने वाली डिग्रियां यूजीसी से मान्यता प्राप्त हैं। प्रो. चंद्रकला रावत ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी इग्नू अध्ययन केंद्र डीएसबी परिसर नैनीताल में संपर्क कर सकते हैं या इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत ऋण वितरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल में प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चंदन सिंह भंडारी ने बताया कि पीएम स्वनिधी के लाभार्थियों को प्रथम चरण के अंतर्गत 15 हजार, द्वितीय चरण में 25 हजार व तृतीय चरण के लोन 50 हजार प्रेरणा धनराशि दी जाती है की जानकारी दी गई तथा साथ ही क्रेडिट कार्ड की जानकारी व क्रेडिट कार्ड वितरण भी किए गए। पंजाब नेशनल बैंक व बैंक ऑफ बड़ोदा द्वारा प्रथम चरण के लोन के लाभार्थियों को चैक वितरित किए गए। पीएम स्वनिधी के अंतर्गत 7 फीसदी का बयाज अनुदान केंद्र सरकार जबकि 2 प्रतिशत का बयाज अनुदान राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी द्वितीय दीपेंद्र बमोला , रेहडी फड़ व्यवसाई तथा सीएमएम सीमा पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सोनू तिवारी व सीमा कुंवर उपस्थित रही।

# प्रश्नोत्तरी में युवांश रहे अव्वल

- अंतरविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** केन्द्रीय विद्यालय हल्द्वानी द्वारा परीक्षा पर चर्चा -2026 के अंतर्गत आयोजित अंतरविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल के कक्षा 8 के छात्र युवांश सेवलिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। बता दें यह प्रतियोगिता ऑपरेशन सिन्दूर विषय पर आधारित थी जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। युवांश सेवलिया ने अपने विषयगत ज्ञान, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास से निर्णायकों को प्रभावित किया। इस गौरवपूर्ण कामयाबी पर विद्यालय की प्राचार्या अंजु सिंह ने छात्र को हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में राष्ट्रीय सुरक्षा, देशभक्ति और समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ाती हैं। विद्यालय परिवार ने भी युवांश सेवलिया की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और उसके निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की कामना की।

**विधिका साक्षरता व जगरूकता शिविर का आयोजन**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश प्रशांत जोशी के निर्देशन में सिविल जज (सी0डि0)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल श्रीमती पारुल थपलियाल के द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर राजकीय इंटर कालेज लालकुआं में विधिका साक्षरता व जगरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव द्वारा बताया गया की राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक भेदभाव से मुक्त समान अवसर और सहायता सुनिश्चित करने का एक अवसर है। यह दिवस बालिकाओं द्वारा सामना की जाने वाली असमानताओं को उजागर करने, उनकी शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज को बालिकाओं को समान रूप से महत्व देने और सममान करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी प्रयास करता है। इसका प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं के प्रति सामाजिक ख्रष्टिकोण में बदलाव लाना, कन्या भूण हत्या जैसे मुद्दों का समाधान करना, घटते लिंग अनुपात के बारे में जागरूकता बढ़ाना और बालिकाओं के लिए अधिक समावेशी और न्यायसंगत वातावरण को बढ़ावा देना है। शिविर मे बलिकाओ के अधिकारए के बारे मे भी विस्तार पूर्ण जानकारी दी गई। कहा कि यदि किसी भी बालिका को किसी तरह की समस्या होती हैं तो वह महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।शिविर मे प्रधानचार्य कमलेश खर्कवाल, यशवंत कुमार, संजय सिंह पीएलवी मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, अल्मोड़ा

Office of the Executive Engineer, P.D., PWD, Almora (Uttarakhand)

Phone/ Fax:-05962-230033, E-mail:eepdalmora@rediffmail.com, Web-http://pwd.uk.gov.in

पत्रांक 194/निविदा दिनांक 16/01/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहरताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदाऐं दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2026 से 09.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय अवकाश को छोड़कर) 10:00 बजे पूर्वान्ह से 5:00 बजे सायं तक प्राप्त किये जा सकते हैं तथा दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते हैं।

1– अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम वृत्त, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
2– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
3– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
4– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बागेश्वर।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (व्यापार कर अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा में डागीखोला मोटर मार्गो से पटुरा तक लिंक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। | 20,000.00 | 1000.00+ 18% GST | 60 दिन | 2 माह | मार्ग के कार्य में पंजीकृत श्रेणी "डी" एवं उच्चतर |
| 2. | राज्य योजना(नाबार्ड) के अन्तर्गत शीतलाखेत – मटिला मोटर मार्ग के सुधारीकरण के अन्तर्गत अनुरक्षण कार्य। | 16,800.00 | 1000.00+ 18% GST | 60 दिन | 2 माह | मार्ग के कार्य में पंजीकृत श्रेणी "डी" एवं उच्चतर |

निविदा दिनांक 10.02.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा। ठेकेदार द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत करने पर ही निविदा प्रपत्र विकय किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
अल्मोड़ा



## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
## अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग,बेरीनाग

निविदा सूचना सं0 1106 / 3A दिनांक 24/01/2026

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना:–**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग, बेरीनाग द्वारा निम्नलिखित कार्यो की सील्ड निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.01.2026 से दिनांक 10.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती हैं तथा दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निम्नलिखित कार्यालयों में डाले जा सकती है।

निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन0एस0सी0 अथवा डाकघर, बचत पासबुक शैड्यूल आफ बैंक की एफ0डी0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,बेरीनाग के पद नाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) का नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्त के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर कर संलग्न करना अनिवार्य है।

1–कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पिथौरागढ़।

2–कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0,बेरीनाग।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जिला योजना वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत डंगोली सैलानी दाड़िमखेत धरमघर कोटमन्या पांखू थल सातसिलिंग मोटर मार्ग(एस0एच0–60) के किमी0 118.00 से 133.00 में क्षतिग्रस्त कॉजवे व आबादी भाग में इण्टरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सुधारीकरण व डनेज का कार्य के अन्तर्गत (एस0एच0–60) के किमी0 118. 00 से 133.00 में दिवार व कॉजवे मरम्मत का कार्य। | 13500.00 | 1000.00+ (18%GST) | 01 माह | 01 माह | मार्ग कार्य में 'ई0' श्रेणी अथवा उच्चतर |

निविदा दिनांक 11.02.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार समक्ष अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

(इं0एम0के0भट्ट)
अधिशासी अभियंता
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, बेरीनाग

## नई बनाई गई नगर पंचायतों में बिना बजट के नहीं हो रहे विकास कार्य

# चेयरमैनों को सुननी पड़ रही आवाम की खूब खरी-खोटी!

## चुनाव के एक साल का समय बीतने के बाद भी सरकार ने अभी तक किसी भी नई नगर पंचायत नहीं किया बजट जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद में पिछले वर्षों में जनपद हरिद्वार में नई बनायी गयी नगर पंचायत में सरकार द्वारा बजट न दिए जाने के चलते पहली बार जीत कर पहले नगर पंचायत अध्यक्ष बेहद परेशान है। सभी नगर पंचायत के क्षेत्रवासी विकास कार्यों को लेकर लगातार अध्यक्षों व सभासदों को खूब खरी खोटी सुना रहे हैं लेकिन बेचारे अध्यक्ष भी मजबूर है कि आखिर विकास कार्य कराये तो कैसे कराये। क्योंकि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को भी पूरा करना उनके सामने एक बड़ा सवाल है।

बजट न मिलने से परेशान नगर पंचायत अध्यक्षों ने शुक्रवार को बैठक कर सीएम से मिलने की रणनीति बनाई। साथ ही नई बनी नगर पंचायतों के अध्यक्षों से



वार्ता कर संगठन बनाए जाने पर भी चर्चा की गयी और बैठक में ढंडेरा नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी को इस संगठन का जिम्मा सौंपा गया।

पाडली गुर्जर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि तौफीक आलम के आवास पर आयोजित बैठक में सुल्तानपुर नगर पंचायत अध्यक्ष ताहिर हसन ने कहा कि नई नगर पंचायतों में चुनाव को एक वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक किसी भी नई बनी नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए बजट जारी नहीं किया गया है, जिससे नगर पंचायतों में नाली, सड़क, पार्क एवं अन्य निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे हैं। ऊपर से आवाम व वार्ड सभासदों का भी अध्यक्षों पर दबाव बनता जा रहा है।

**❖नगरपंचायत ढंडेरा, रामपुर, पाली गुर्जर व इमली खेड़ा व सुल्तानपुर के चेयरमनों ने मुख्यमंत्री से की बजट जारी करने की मांग**

ढंडेरा नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी ने कहा कि उनकी नगर पंचायत सबसे बड़ी है। जहां जल निकासी, सफाई व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या है। सरकार से बजट और पर्याप्त कर्मचारी, कूड़ा वाहन न मिल पाने के कारण विकल्प के तौर पर सफाई करानी पड़ रही है। वार्डों में तीसरे दिन सफाई कर्मचारियों को भेजना पड़ रहा है। यही हाल कूड़ा वाहनों का भी है। नाली और नालों के निर्माण, तालाबों की सफाई के लिए बजट चाहिए। सड़क पर पानी भरने से जनता का दबाव बन रहा है।

रामपुर चेयरमैन प्रवेज सुल्तान और इमलीखेड़ा चेयरमैन प्रतिनिधि नीरज सैनी ने कहा कि अगर हालात यही रहें तो सभी नगर पंचायत अध्यक्षों को त्याग पत्र देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बैठक में अगले सप्ताह तक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलने और नई नगर पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक कर अपना संगठन खड़ा करने पर सहमति बनी। चेयरमैन तौफीक आलम ने कहा कि संगठन के जरिए सभी नगर पंचायत अध्यक्ष अपनी आवाज को मजबूती से उठा सकेंगे।

### कुछ अध्यक्षों ने तो चुनाव में बहाया था मौटा पैसा

## ...पर चुनाव जीतने पर भी न रूतबा मिला न जनता में ही बन रही धाक

**रुड़की।** जनपद में करीब चार पांच साल पहले बनयी गयी पांच नई नगर पंचायतों मे पिछले साल चुनाव राज्य में कराये गये तमाम निकायों के चुनाव के दौरान ही संपन्न हो गया इससे पहले इन निकायों में सरकार ने प्रशासक को जिम्मेदारी सौंपी हुइ थी प्रशासकों में टाइम में भले ही सरकार ने इन नई नगर पंचायतों को धरातल पर उतारने को बजट जारी किया था लेकिन अफसोस की बात यह है कि जन प्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर ही बनायी गयी इन नई नगर पंचायतों में पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत हासिल कर चेयरमैन की कुर्सी पर बैठने वाले अध्यक्षों को आज तक विकास के लिए सरकार द्वारा बजट नहीं मिल पाया है। निकाय चुनाव हुए एक साल हो गया लेकि बेहद अफसोस की बात है कि अभी तक इन नई नगर पंचायतों में अभी तक विकास कार्यों के लिए बजट का लाला पड़ा है और बेचारे चुनाव जीतकर चेयरमैन बनने वाले यह नेता जनता की खरी खोटी सुनने के साथ वार्ड मैम्बरों की भी जहां नाराजगी का शिकार हो रहे हैं वही हालात बन गये है कि न तो इनको चेयरमैनी का रूतबा ही मिल रहा है ओर न ही विकास कार्य के लिए सरकार से बजट नसीब हो पा रहा है।

जबकि यह भी हकीकत है कि इनमें से कई नगर पंचायत अध्यक्षो ने तो चुनाव के दौरान जीत के लिए पैसा भी पानी की तरह बहाया था क्योंकि इन्हें शायद यही यकीन था कि चुनाव में खर्च की गयी रकम का कुछ तो हिस्सा चेयरमैन बनने के बाद वापस आ ही जायेगा। और एक दो नगर पंचायत अध्यक्ष ने चुनाव जीतन के लिए जिस तरह से पैसा पानी की तरह बहाया उन्हे तो अब जरूर मलाल हो रहा होगा जिस रूतबे के लिए उन्होंने पैसा खर्च किया था व रूतबा मिल पा रहा है और ही पैसा। इन नई नगर पंचायतों के हालात बेहद खराब है। क्षेत्र के लोग जहां विकास कार्यों को लेकर चुनाव के दौरान नेताओं के द्वारा किये वादों को याद दिला रहे है तो उनके साथ जीतकर आये पाषद भी इन पर अब दबावा बनाकर अपने वार्ड की समस्याएं हल करने के लिए इन्हें आंख दिखा रहे हैं। अब ऐसे में बेचारे यह चेयरमैन करें तो क्या करें। जनता को क्या जवाब दें। इसके लिए ही अब इन्होंने संगठन के जरिये ही सरकार पर दबावा बनाने का मन बनाया है।

### बेलड़ा में वीबी राम जी चौपाल में बोले त्रिवेंद्र सिंह रावत

## गांव आत्मनिर्भर होंगे तभी साकार होगा विकसित भारत का सपना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए कलियर विधानसभा के बेलड़ा ग्राम में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट जनजागरण अभियान के तहत एक गांव चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने पर मंथन हुआ।

चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे गांव आत्मनिर्भर बनेंगे। वीबी राम जी अभियान के जरिए केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योगों और कौशल विकास से युवाओं को गांव में ही काम मिलेगा। जिससे पलायन पर लगाम लगेगी। ध्वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने इस अभियान को एक 'जन-आंदोलन' बताते हुए कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों को जोड़ने का आह्वान किया। मुनीश सैनी ने विश्वास जताया कि यह योजना क्षेत्र के किसानों और महिलाओं



के सशक्तिकरण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ना और स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना। लघु एवं कुटीर उद्योग, कौशल विकास और कृषि आधारित स्टार्टअप। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनके त्वरित समाधान का आश्वासन जन प्रतिनिधियों ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष संदीप पुरी, सुरेश सैनी और गौरव मोहन ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने ठळ तड ळ अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और विकसित भारत के लक्ष्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सागर गोयल, अक्षय प्रताप सिंह, भीम सिंह, सतीश सैनी, मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, कार्यालय प्रभारी कदम सिंह, रोमा सैनी, विभोर सेठी, नीलकमल शर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीएसएम कॉलेज की एनएसएस इकाई ने मतदाता जागरूकता दिवस मनाया

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम ( पी जी) कॉलेज, रुड़की, हरिद्वार में एन.एस.एस ईकाई द्वारा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दु अरोड़ा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर स्वयंसेवकों को संस्कृत विभाग से डॉ सुनीता कुमारी ने अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया व निर्भीक हो कर धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठ कर मतदान करने की शपथ दिलाई। स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात 2023-24 बैच के स्वयंसेवियों को कालेज की मुख्य



अनुशासक डॉ रीमा सिन्हा ने एन.एस.एस (।) सर्टिफिकेट वितरण किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ गौतम वीर जी ने स्वयंसेवकों को अपने संदेश में शुभकामनाए दी। इस अवसर पर स्वयंसेवी आचंल, मनीषा, सीमा, अकांक्षा, वन्शु, मुकुल, आदित्य, अनुपम, आदिश आदि उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**लक्सर।** लक्सर सवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु नियमित चौकिंग के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली लक्सर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चौकिंग के दौरान खानपुर निवासी गुरमीत को एक अवैध तमंचा .315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी की जा रही है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगआरोपियों ने अपना नाम गुरमीत पुत्र पप्पूनिवासी ख खानपुर बताया।

## पूर्व मंत्री भडाना ने ग्रामीणों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर विधानसभा के ग्राम मंडावली स्थित भाजपा कार्यलय पर शनिवार को हरियाणा के पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने ग्राम टाण्डा भनेडा की आवाम को सम्मानित किया। इस दौरान टाण्डा भनेडा के कई सौ लोगो ने करतार सिंह के नेतृत्व में भाजपा मैं शामिल हुए वही लोंगो ने इस दौरान करतार सिंह भड़ाना को विश्वास दिलाया कि इस बार वह अपने गाँव से अधिक से अधिक वोटों से करतार सिंह भडाना को विधायक बनकर देहरादून विधानसभा भेजने का काम करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि भले ही हमारे गाँव मे मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र हो पर वहाँ से भाजपा के उम्मीदवार को सबसे ज़्यादा वोट मिलेंगे क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि भड़ाना ही उनका उद्धार करने का काम करेंगे वही पूर्व मंत्री करतार सिंह भडाना ने कहा कि आज सैंकड़ो लोगों का शामिल होना इस बात की गवाही है कि आने वाला समय उनकी जीत की गवाही है।



## ऊर्जा निगम की टीम ने बकायादारों के काटे कनेक्शन

**पिरान कलियर।** ऊर्जा निगम की टीम ने अवर अभियंता गोपाल सैनी के नेतृत्व में कलियर नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली बकायादारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के 8 बिजली कनेक्शन काटे गए जबकि करीब 3 लाख रुपये की बकाया राशि वसूल की गई। शनिवार को चलाए गए इस अभियान के तहत ऊर्जा निगम ने बकाया वसूली के लिए मुकरर्बपुर में कैंप भी लगाया जहां उपभोक्ताओं से बकाया जमा कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने निर्धारित समय पर बकाया जमा नही किया उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।ऊर्जा निगम के अवर अभियंता गोपाल सैनी ने बताया कि बकायादारों के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कार टकराने से दो घायल

नारसन। नारसन के बाद तेज रफतार कार आपस में टकराने से दो लोग घायल हो गय। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र सिंह अपने दो साथियों के साथ अपनी कार से मथुरा से हरिद्वार की यात्रा पर थे। जैसे ही वह नारसन कस्बा पार कर मोहम्मदपुर कट के पास पहुंचे, तभी सामने से एक अन्य कार गलत दिशा से अचानक उनके सामने आ गई। तेज रफ्तार कार को दूसरी गाड़ी से टकराने से बचाने के प्रयास में देवेंद्र सिंह ने अचानक स्टयरिंग मोड़ा, जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और डिवाइडर पर पलट गई।

**कार्यालय उपनिबंधक फर्म सोसायटी एवं चिट्स हरिद्वार**

पत्रांक 2176/फ.सो.चि./हरिद्वार 2025/26 — दि. 22.01.2026

**नोटिस**

M/S SAHUJA CHITS PVT. LTD. के द्वारा वर्ष 2023-24 में संचालित चिटस ग्रुप सं. 02/2023-24 के संबंध में यदि किसी अभिदाता/प्रतिभागी को कोई आपत्ति हो तो कृपया M/S SAHUJA CHITS PVT. LTD. Regd. office shiv complex 12 civil line Roorkee 247667 एवं कार्यालय उपनिबंधक फर्म सोसायटीज एवं चिटस हरिद्वार से उक्त नोटिस के जारी होने की तिथि से 15 दिन के अंदर संपर्क करने का कष्ट करे। **अजय कुमार**

उपनिबंधक : फर्म सोसायटीज एवं चिटस हरिद्वार

## पबजी खेलने के विवाद में चले लाठी-डंडे पिता-पुत्र घायल

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** बच्चों के बीच पबजी खेलने को लेकर हुआ मामूली विवाद अब बड़ों के बीच गंभीर हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर हुए इस हमले में पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार करीब एक माह पूर्व जावेद के पुत्र और पड़ोस में रहने वाले एक युवक के पुत्र के बीच पबजी खेलने को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय जावेद ने बीच-बचाव करते हुए दोनों बच्चों को समझा बुझाकर मामला शांत करा दिया था। लेकिन बताया जा रहा है कि इसी बात को लेकर मन में रंजिश पनपती रही। आरोप है कि बीती देर शाम उक्त युवक ने अपने परिजनों व साथियों के साथ मिलकर जावेद और उनके परिजनों पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने लाठी-डंडों और फावड़े से जानलेवा हमला किया, जिसमें जावेद पुत्र इरफान तथा जुनैद पुत्र जावेद गंभीर रूप से घायल हो गए। अचानक हुए हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद परिजन घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल रुड़की लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस हमलावरों की पहचान में जुटी हुई है। इस संबंध में एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन कर दिया गया है और जल्द ही सभी दोषियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने राहुल गांधी से की मुलाकात

## संगठन सृजन अभियान से पार्टी होगी मजबूत : राजेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विगत दिनों कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड एवं हरियाणा के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में सम्पन्न हुआ जिसमें सभी जिलाध्यक्षों को बहुत ही बारीकी से राजनीतिक सामाजिक एवं नैतिक विषयों पर प्रशिक्षण वरिष्ठ प्रशिक्षक सचिन राव तथा शशिकांत सैंथिल के नेतृत्व में किया गया।

जिलाध्यक्ष रुड़की राजेन्द्र चौधरी ने प्रशिक्षण के अनुभवों को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में पार्टी की गांधी विचारधारा, अनुशासन, लक्ष्य, सूचना, अंतरराष्ट्रीय राजनीति का भारत से संबंध तथा कैसे संगठन अपने आप को धरातल पर मजबूत बनाएं जैसे विषयों को लेकर 40 कक्षाएं आयोजित की गई जिसमें राजनीतिक बारीकियों के साथ साथ गांव भ्रमण, सामाजिक एवं आर्थिक सर्वे जैसे विषयों को लेकर प्रशिक्षण



दिया गया। इस कार्यक्रम के 9वे दिन नेता विपक्ष राहुल गांधी जी ने विशेष सेशन लिया और कहा कि वह चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी की नींव जिला संगठन मजबूत हो और उन्हें विशेष अधिकारों के साथ सीधे केंदीय नेतृत्व से संपर्क तथा निगरानी में कार्य करना है और पार्टी को जन जन तक पहुंचाना है। राहुल गांधी ने कहा कि वह चाहते हैं कि भविष्य का प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिलाध्यक्षों में से बने, उन्होंने दोनों राज्यों के अध्यक्षों को उनके अधिकार तथा कर्तव्यों के साथ बताया कि अब उनका आंकलन कार्यों से किया जाएगा ना कि सिफारिश से। इस दौरान राहुल गांधी सभी कांग्रेस जिलाध्यक्षों के परिजनों से भी मिले और बातचीत करते हुए उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे में जाना। रुड़की महानगर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट की धर्म पत्नी भावना चौधरी ने राहुल गांधी को रुड़की में कुटीर उद्योग में निर्मित पीतल की अशोक स्तंभ भेंट किया, पुत्री पूर्णिमा एवं भतीजे उदय से उनके शिक्षा, नौकरी एवं भविष्य के लिए बधाई दी।

### रोजगार मेले में जुटे हजारों युवा

## लक्सर विधायक शहजाद व चेयरमैन संजीव के प्रयास से बेरोजगारो को मिला रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन संजीव उर्फ नीटू के द्वारा किया गया है। लक्सर विधायक ने भी नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की तारीफ की है जिसमें करीब 25 फैक्ट्री के अधिकारी पहुंचे लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद के द्वारा बताया गया कि जिस तरह से संजीव उर्फ नीटू नगर पालिका अध्यक्ष ने फैक्ट्री के अधिकारियों से संपर्क कर लक्सर में रोजगार मेले का आयोजन किया है यह बहुत ही काबिले तारीफ है क्योंकि भारत में बेरोजगारी बेइंतहा बढ़ी हुई है अगर आज देखते हैं की फैक्ट्री के कर्मचारी कितने लोगों को रोजगार देते हैं संजीव उर्फ नीटूके द्वारा बताया गया कि मैंने फाउंडेशन के अधिकारियों से संपर्क कर उनसे रिक्वेस्ट की थी की लक्सार में बेरोजगार मेले का आयोजन किया



जाना चाहिए मेरी रिक्वेस्ट पर करीब 25 फैक्ट्री के अधिकारी आए हुए हैं और मैं चाह रहा हूं कि सभी को रोजगार मिले उन्होंने यह भी कहा कि अगर कुछ युवक रह गए तो अगली बार भी मैं सिफारिश करूंगा और मैं चाहूंगा कि सभी को रोजगार मिलता रहे फाउंडेशन के अधिकारी अनिल प्रसाद ने कहा कि हम आज 1500 से ज्यादा युवाओं की भरती करने की कोशिश करेंगे उन्होंने यह भी कहा कि 15000 से ऊपर इन लोगों को वेतन मिलने की संभावना है वही सतीश कुमार ने कहा कि यह रोजगार मेला लगाया गया है इसमें सरकार चाह रही है कि बेरोजगारी खत्म हो इसीलिए यह मेला लगाया गया है आज के इस रोजगार मेले में हजारों बेरोजगार युवा देखने को मिले।

# सीएम की दो टूक: भ्रष्टाचार किया तो, बचोगे नहीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन की नीति एक बार फिर सख्त कार्रवाई के रूप में सामने आई है। होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग में वर्दी सामग्री की खरीद प्रक्रिया में टेंडर अनियमित. ताओं की रिपोर्ट शासन तक पहुँचने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निदेशक होमगार्ड (डिप्टी कमांडेंट) अमिताभ श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए और मामले की जांच के लिए संयुक्त जांच समिति गठित करने के निर्देश भी जारी किए।

यह प्रकरण वित्तीय वर्ष २०२४-२५ और २०२५-२६ की खरीद प्रक्रिया से जुड़ा बताया गया है, जिसमें पारदर्शिता के अभाव और नियमों के उल्लंघन के आरोप सामने आए। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उनका संदेश साफ है दोषी कोई भी हो, पद या प्रभाव कितना भी बड़ा क्यों न हो, कड़ी कार्रवाई तय है। यही कारण है कि प्रशासनिक व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि शासन में पारदर्शिता और जनविश्वास दोनों मजबूत हों।

**■ पद चाहे जितना बड़ा हो, कार्रवाई तय है**
**■ होमगाड्र्स वर्दी घोटाले में निदेशक होमगाड्र्स को किया सस्पेंड**
**■ तीन वर्षों में भ्रष्टाचार के बड़े चेहरों पर हुई धामी सरकार की निर्णायक कार्रवाई**

बीते तीन वर्षों में धामी सरकार ने यह दिखा दिया है कि कार्रवाई केवल छोटे कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी भी जांच और दंड की प्रक्रिया से गुजरेंगे। हरिद्वार भूमि प्रकरण, भर्ती धांधली, वन विभाग, उद्यान, परिवहन, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन और कर विभाग जैसे १२ से अधिक मामलों में कई वरिष्ठ अधिकारियों पर निलंबन, गिरफ्तारी और विजिलेंस जांच जैसी सख्त कार्रवाइयाँ की गई हैं। पहले जिन नामों पर सवाल उठाने से लोग हिच. कते थे, आज वे भी कानून के दायरे में लाए जा रहे हैं। इन कार्रवाइयों को प्रशासनिक सख्ती से आगे बढ़कर



सुशासन की दिशा में बड़े संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में यह स्पष्ट हो चुका है कि भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। सरकार का उद्देश्य साफ है भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था, जहाँ नियमों से खिलवाड़ करने वालों के लिए केवल एक रास्ता है सख्त कार्रवाई।

**कार्रवाई से स्पष्ट संदेश, भ्रष्टाचार के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं:** इन मामलों की श्रृंखला यह दर्शाती है कि उत्तराखंड में अब कार्रवाई व्यक्ति नहीं, कृत्य के आधार पर हो रही है। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्था में जवाबदेही तय की जा रही है और यह संदेश स्पष्ट रूप से स्थापित हो चुका है कि भ्रष्टाचार के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं है। नियमों से खिलवाड़ करने वालों के लिए केवल एक ही परिणाम तय हैख्रसख्त कार्रवाई, चाहे पद कितना भी बड़ा या छोटा क्यों न हो।

## इन 'बड़े नामों' पर गिरी सरकार की गाज

1. होमगाड्र्स वर्दी घोटाला: निदेशक होमगाड्र्स अमिताभ श्रीवास्तव निलंबित
2. हरिद्वार जमीन घोटाला : २ IAS और १ PCS अफसर समेत कुल १२ लोग सस्पेंड
3. रामविलास यादव (IAS अधिकारी): आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल
4. किशन चंद (IFS अधिकारी): वन विभाग से जुड़े इस वरिष्ठ अधिकारी पर पद के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति के मामले में जेल
5. RBS रावत, पूर्व IFS अधिकारी / पूर्व चेयरमैन UKSSSC: परीक्षा धांधली मामले में जेल
6. हरमिंदर सिंह बवेजा (उद्यान निदेशक): बागवानी विभाग में भ्रष्टाचार 0 वित्तीय अनियमितताओं के कारण निलंबित किए गए।
7. अमित जैन (वित्त नियंत्रक, आयुर्वेद विश्वविद्यालय): भ्रष्टाचार संबंधी आदेशों की अनदेखी और वित्तीय नियमों की अवहेलना पर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई।
8. भूपेंद्र कुमार (उपमहाप्रबंधक वित्त, परिवहन निगम): रिश्वत लेने और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों में निलंबन। विजिलेंस द्वारा विस्तृत जांच चल रही है।
9. महिपाल सिंह (लेखपाल): रिश्वत मांगने के मामले में रंगे हाथ पकड़े गए। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है।
10. निधि यादव (PCS अधिकारी: विभिन्न मामलों में भ्रष्टाचार की शिकायतों के बाद उनके खिलाफ विजिलेंस जांच शुरू की गई है।
11. रामदत्त मिश्र (उप निबंधक, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग): स्टांप शुल्क व भूमि पंजीकरण में अनियमितताओं के कारण निलंबित।
12. राज्य कर विभाग के अधिकारी वी.पी. सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह और यशपाल सिंह: इन वरिष्ठ अधिकारियों को कार्य में घोर लाप रवाही और भ्रष्टाचार के संदेह पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

# चारधाम यात्रा को चिकित्सकों का बनेगा पृथक कैडर: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चार धाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों का पृथक कैडर बनाया जायेगा। जिसका प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेजों से बॉण्डधारी एमबीबीएस चिकित्सकों के स्नातकोत्तर कोर्स करने के लिये पृथक से अध्ययन नीति तैयार की जायेगी। विभिन्न श्रेणियों के चिकित्साधिकारियों की डीपीसी आगामी १० फरवरी तक सम्पन्न करा कर समय पर पदोन्नति का लाभ दिया जायेगा।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने शासकीय आवास पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को चार धाम यात्रा के मध्यनजर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये चिकित्साधिकारियों का पृथक कैडर बनाने के निर्देश दिये। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों के आवश्यक पदों को शामिल किया जायेगा। जिसका प्रस्ताव शीघ्र कैनिबेट में लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। इसके अलावा राज्य के बॉण्डधारी चिकित्सकों को पीजी



**■ कहा, बॉण्डधारी चिकित्सकों के पीजी कोर्स को बनेगी अध्ययन नीति**

कोर्स करने के लिये पृथक से अध्ययन नीति तैयार की जायेगी ताकि इन चिकित्सकों के पीजी कोर्स के अध्ययन के दौरान प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हो। साथ ही पीजी कोर्स के लिये जाने वाले चिकित्सकों के गैप को भरने के लिये 250 चिकित्सकों का एक रिर्जव पूल बनाने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया जायेगा। इसके अतिरिक्त लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट के पदों के पुनर्गठन, स्वास्थ्य विभाग का प्रशास. निक कैडर, प्रिक्योरमेंट कार्पोरेशन का गठन एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के पृथक कैडर का प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं।

डॉ. रावत ने बताया कि प्रदेश में उच्चीकृत एवं नवसृजित उप जिला चिकित्सालयों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नये पदों के सृजन का प्रस्ताव भी शीघ्र कैबिनेट में लाया जायेगा ताकि संबंधित क्षेत्र की जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवंटित बजट के आय-व्यय की भी समीक्षा की गई। जिसमें अधिकारियों को नियत समय पर बजट व्यय करने के निर्देश दिये गये। विभागीय मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणी के चिकित्साधिकारियों की वरिष्ठता सूची के आधार पर आगामी 10 फरवरी तक डीपीसी सम्पन्न कराने के निर्देश दिये ताकि समय पर उन्हें पदोन्नति का लाभ मिल सके।

बैठक में सचिव स्वास्थ्य सचिन कुर्वे, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय कुमार आर्य, निद. ेशक एनएचएम डॉ. रश्मि पंत, प्राचार्य हरिद्वार मेडिकल कॉलेज प्रो. सीएमएस रावत, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर.एस. बिष्ट, संयुक्त निदेशक डॉ. अजीत मोहन जौहरी, डॉ. एन.एस. नपच्याल, डॉ. तुहिन कुमार, डॉ. अमलेश, वित्त नियंत्रक दीपाली भरणे, अभिषेक आनंद, रजिस्ट्रार नर्सिंग काउंसिल मनीषा ध्यानी, रजिस्ट्रार मेडिकल काउंसिल सुधीर कुमार पाण्डे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं: जोशी

**■ जसपुर में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री का किया भव्य स्वागत**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को जनपद ऊधम सिंह नगर के दौरे के दौरान जसपुर विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर में भाजपा पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इसके बाद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जसपुर नगर मंडल के भाजपा कार्यालय में आयोजित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में प्रतिभाग कर कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित के कार्यों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों से प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति मिली है। कैबिनेट मंत्री ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना और उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और सरकार व संगठन मिलकर जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान भी किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने जसपुर विकासखण्ड में किसानों को धान का उचित दिलाने के संबंध में भी ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर राज्यमंत्री विनय रोहिला, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौहान, विजेंद्र गहलोत, बलराम तोमर, सत्यपाल सिंह गौतम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# 27 जनवरी को राज्यभर में मनाया जाएगा 'यूसीसी दिवस'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान राज्य सरकार ने प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का वादा किया था, जिसे सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप पूरा किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड गंगा, यमुना, आदि कैलाश, केदारनाथ और बद्रीनाथ जैसी पवित्र धार्मिक स्थलों की भूमि है, और इसी पावन भूमि से समानता, न्याय और सामाजिक समरसता का संदेश पूरे देश को दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में निहित भावना के अनुरूप समान नागरिक संहिता को लागू कर उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना है।

मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि 27 जनवरी को राज्य में यूसीसी लागू होने के एक वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जिसे राज्यभर में "यूसीसी दिवस" के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, जनसंवाद एवं अन्य आयोजन किए जाएंगे।

**■ महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर है यूसीसी: सीएम**

उन्होंने कहा कि यूसीसी महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समानता और सभी नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला कदम साबित हुआ है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य की जनता ने सक्रिय सहयोग दिया है तथा विवाह, तलाक, वसीयत एवं अन्य प्रावधानों के अंतर्गत बड़ी संख्या में पंजीकरण कराए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी दिवस मनाने का उद्देश्य यही है कि अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रावधानों, लाभों और कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी मिले, ताकि समाज में समान अधिकार और न्याय की भावना और अधिक सशक्त हो।

राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में वन्य मानव संघर्ष और जंगली जानवरों के हमलों से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस वर्ष कई क्षेत्रों में वन्य जीवों के कारण ग्रामीण जनता को चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में कई बच्चों, युवाओं और ग्रामीणों ने असाधारण साहस का परिचय देते हुए न केवल अपनी रक्षा की, बल्कि अन्य लोगों की जान भी बचाई।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस विषय को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठा रही है। वन्य जीव प्रबंधन, सुरक्षा उपायों, त्वरित राहत, मुआवजा व्यवस्था और संवे. दनशील क्षेत्रों में निगरानी को और अधिक मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में आम नागरिकों को इस प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

नैनीताल में यातायात जाम की समस्या के समाधान से जुड़े प्रश्न पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मानसखंड क्षेत्र के अंतर्गत कैंचीधाम सहित कई प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल आते हैं, जहां वर्षभर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का भारी आवागमन रहता है। इसी कारण यहां यातायात दबाव बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए बाईपास, वैकल्पिक मार्ग, सड़क चौड़ीकरण और पार्किंग जैसी कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों-दोनों को जाम से राहत मिले और आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो।

आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन-तीनों दृष्टियों से राज्य की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की यात्रा को और अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु-अनुकूल बनाने के लिए हर वर्ष की भांति सभी हितधारकों के साथ विस्तृत बैठकें की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष के अनुभवों, सुझावों और फीडबैक के आधार पर इस वर्ष की तैयारियां और भी अधिक प्रभावी एवं बेहतर की जाएंगी। सड़क, स्वास्थ्य, सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और आपदा प्रबंधन सहित सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## राज्यपाल ने दी 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' की बधाई एवं शुभकामनाएं

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रदेशवासियों को 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय मतदाता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व भी है। मतदान के माध्यम से नागरिक न केवल निर्वाचन प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में भी योगदान देते हैं।राज्यपाल ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता तभी सुनिश्चित की जा सकती है, जब प्रत्येक नागरिक मतदान के महत्व को समझते हुए उसमें सक्रिय सहभागिता निभाए।

# कैंचीधाम दर्शन को सुगम बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रभावी प्रशासनिक निर्णयों के परिणामस्वरूप नैनीताल जनपद की बहुप्रतीक्षित कैंचीधाम बाईपास (सैनिटोरियमख्रातीघाट) परियोजना तेजी से अपने निर्णायक चरण की ओर अग्रसर है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने नैनीताल भ्रमण के दौरान इस महत्वपूर्ण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी यात्रा एवं पर्यटन सीजन से पूर्व बाईपास मार्ग को पूर्ण कर यातायात के लिए खोलना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध श्री कैंचीधाम मंदिर में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन होता है। श्रद्धालुओं को सुचारु, सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से कैंचीधाम बाईपास का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है, जिससे वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव होगा।

**■ सीएम ने किया कैंचीधाम बाईपास का स्थलीय निरीक्षण**
**■ यात्रा सीजन से पूर्व कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोहर सिंह धर्मशक्तू ने बताया कि 18.15 किलोमीटर लंबे प्रस्तावित बाईपास



मार्ग में से 8 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर हॉटमिक्स किया जा चुका है, जिसके लिए १२ करोड़ रुपये की धनराशि का प्रभावी उपयोग किया गया है। शेष 10.15किलोमीटर मार्ग में पहाड़ कटिंग कार्य के लिए प्राप्त 5 करोड़ 6 लाख रुपये की धनराशि से कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में इस खंड में 9 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से कलमठ निर्माण, सुरक्षा दीवारों का निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य तेजी और गुणवत्ता के साथ प्रगति पर हैं। परियोजना के अंतर्गत बाईपास को रातीघाट स्थित अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने के लिए 74.15 मीटर स्पान का मोटर पुल भी निर्मित किया जा रहा है। इसके लिए शासन से 9 करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है और पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बाईपास के पूर्ण होने से न केवल कैंचीधाम में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी, बल्कि पहाड़ी जनपदों की ओर जाने वाले यात्रियों को भी एक वैकल्पिक, सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। यह परियोजना पर्यटन, धार्मिक यात्रा और स्थानीय आवागमनख्रतीनों के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने 9 करोड़ 99 लाख रुपये की लागत से निर्मित सैनिटोरियम से अल्मोड़ा मार्ग तक भवाली बाईपास सड़क एवं इसी मार्ग पर शिप्रा नदी पर निर्मित ३० मीटर स्पान के डबल लेन मोटर पुल का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बाईपास के चालू होने से भवाली बाजार में वर्षों से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान होगा और पर्यटन सीजन में यात्रियों को निर्बाध आवागमन सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की।




## राज्यपाल से की मुख्यमंत्री ने शिष्टाचार मुलाकात

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को लोक भवन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के समग्र विकास, विभिन्न विकासात्मक योजनाओं तथा समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया।

# राज्य स्तरीय समारोह के लिए सूचना विभाग की आकर्षक झांकी तैयार

**■ राज्य की 25 साल की विकास यात्रा एवं शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन है झांकी की प्रमुख विषयवस्तु - तिवारी**
**■ विभाग के संयुक्त निदेशक एवं नोडल अधिकारी के.एस. चौहान की देखरेख में किया जा रहा तैयार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सूचना विभाग द्वारा "रजत जयंती एवं शीतकालीन धार्मिक यात्रा व पर्यटन" विषयक झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। इस झांकी में राज्य के पच्चीस वर्षों की विकास यात्रा के साथ ही तीर्थाटन एवं पर्यटन विकास से जुड़े पहलुओं की आकर्षक झलक देखने को मिलेगी। इन दिनों परेड ग्राउंड में इस झांकी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप गणतंत्र दिवस के राज्य स्तरीय समारोह के लिए सूचना विभाग की झांकी को विभाग के संयुक्त निदेशक एवं नोडल अधिकारी के.एस. चौहान की देखरेख में तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि झांकी के प्रथम भाग में गंगा मन्दिर, मुखवा को प्रदर्शित किया गया है, जो माँ गंगा का शीतकालीन प्रवास है। झांकी के अग्रिम केबिन में उत्तराखण्ड गठन के २५ गौरवशाली वर्ष प्रदर्शित किए गए हैं, जो राज्य की विकास यात्रा, सांस्कृतिक पहचान और निरंतर प्रगति को दर्शाते हैं।

झांकी के ट्रेलर भाग में उत्तराखण्ड को आयुर्वेद के अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो राज्य की औषधीय पौधों एवं जड़ी-बूटियों की प्राचीन चिकित्सा पद्धति को रेखांकित करती है। ट्रेलर के द्वितीय खंड में उत्तराखण्ड की होम स्टे योजना को दर्शाया गया है। यहां यह प्रदर्शित किया गया है कि किस प्रकार देश-विदेश से आने वाले पर्यटक स्थानीय परिवारों के साथ ठहरने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा, स्थानीय रोजगार और सतत विकास को बल मिल रहा है। इसके पश्चात् झांकी में खरसाली स्थित यमुना मन्दिर को प्रदर्शित किया गया है, जो माँ यमुना का शीतकालीन धाम है। यह मंदिर अपनी पौराणिक मान्यताओं, आध्यात्मिक महत्व एवं हिमालय की गोद में स्थित शांत वातावरण के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है।

झांकी के अंतिम भाग में उठते हुए स्तंभों (पिलर्स) के माध्यम से उत्तराखण्ड की वर्ष-दर-वर्ष प्रगति को दर्शाया गया है, जो राज्य के सतत विकास का प्रतीक है। झांकी के पार्श्व भाग में उत्तराखण्ड में लागू किये गये नये कानूनों को प्रदर्शित किया गया है, जो राज्य की कानून व्यवस्था एवं सुशासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पृष्ठभूमि में की गई ऐंपण कला की सजावट, उत्तराखण्ड की पारंपरिक लोक कला को आधुनिक दृष्टिकोंण से जोड़ती है।

सूचना विभाग की यह झांकी राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस का प्रमुख आकर्षण होगी। उल्लेखनीय है कि परेड ग्रांड देहरादून में सूचना विभाग के द्वारा पिछले पन्द्रह वर्षों से झांकी का आयोजन किया जा रहा है और वर्ष २०२४ व २०२५ में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम पुरस्कार मिला था।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ धामी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति मिसाल: भट्ट

**■ एजेंडे के तहत सभी वायदों को पूरा करने मे जुटे है धामी**
**■ कांग्रेस उलझन में, विकास में निभा सकती है रचनात्मक भूमिका**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सीएम धामी के भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को सराहनीय बताते हुए कहा जिस तरह से आरो. पियों पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है वह ऐतिहासिक है।

भाजपा अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार के अब तक जो भी मामले सामने आये हैं वहाँ पर सरकार ने नैतिक साहस दिखाते हुए किसी रसूखदार को भी नही बक्शा है।



उन्होंने कहा कि होम गार्ड विभाग मे सामने आई गड़बड़ियों पर की गयी कारवाई स्वाभाविक है, क्योंकि भर्ती घोटालों मे भी रसूखदार जेल पहुंचे थे। अब तक रंगे हाथ रिश्वत लेते २५० से अधिक लोग सलाखों के पीछे पहुँच चुके हैं। इससे आम जन मे एक संदेश गया है कि भ्रष्टाचार मे लिप्त व्यक्ति कोई भी और कितना भी बड़ा है उसे बख्शा नही जायेगा।

भट्ट ने कहा कि भाजपा अपने एजेंडे के तहत अपने सभी वायदों को पूरा कर रही है और जनता के बीच जा रही है। २७ जनवरी को सरकार यूसीसी दिवस मना रही है। एक वर्ष के सफल क्रियान्वयन के बाद सरकार द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सरकार ने जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की तो यह महिला सशक्तिकरण तथा उनकी सुरक्षा के प्रति जवाबदेही भी दिखाई है।

भट्ट ने कांग्रेस के सीबीआई जांच संबंधी आरोपों पर कहा कि जब मामले मे सीबीआई जांच की संस्तुति हो चुकी है तो कांग्रेस के द्वारा नये नये तथ्य सामने लाना भी एक राजनैतिक पैंतरा है। उन्होंने कहा कि कभी सीबीआई पर भरोसा न करना और कभी जांच की मांग कांग्रेस का दोहरा चरित्र है। कांग्रेस कानून व्यवस्था पर सवाल उठाकर खुद ही घिरी है। बेहतर होगा कि कांग्रेस खुली आँखों से सच को स्वीकारे और राज्य मे हो रहे अनगिनत विकास कार्यों मे रचनात्मक भागीदारी करे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि धामी सरकार के सामने अबतक जितने भी मामले भ्रष्टाचार या घपले के आएं हैं उनमें सख्त कार्रवाई की गई है।

# भारत से एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफ हटाएगा अमेरिका!

## अमेरिकी वित्तमंत्री बोले: भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका सरकार की बड़ी जीत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पालिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25 प्रतिशत टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25 प्रतिशत टैरिफ



■ पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया
■ ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था

लगाया गया। ट्रम्प ने पहली बार अप्रैल 2025 में दुनिया पर ग्लोबल टैरिफ लगाया था। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरीदकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है। बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500 प्रतिशत टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून (आईईईपीए) के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं। अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पालिसी देश के हितों के हिंसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फाक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है। दिसम्बर 2025 में भारत रूस से तेल खरीदने में तीसरे नंबर पर आ गया। तुर्की दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तुर्की ने 2.6 बिलियन यूरो का तेल खरीदा। भारत ने दिसम्बर में रूस से 2.3 बिलियन यूरो यानी लगभग 23000 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। नवम्बर में भारत ने 3.3 बिलियन यूरो यानी करीब 34700 करोड़ रुपये का तेल खरीदा था। चीन अब भी सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, उसने दिसम्बर में रूस से 6 बिलियन यूरो यानी करीब 63100 करोड़ रुपये का तेल खरीदा। भारत की खरीद कम होने की सबसे बड़ी वजह रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी ने रूस से तेल खरीद करीब आधी कर दी।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले के वानपोह के पास गणतंत्र दिवस समारोह से पहले जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निगरानी करते सुरक्षाकर्मी।

## दक्षिण कोलंबिया में धमाके से सात की मौत, आठ लोग घायल

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिणी नारिनो प्रांत के टुमाको के एक ग्रामीण इलाके में विस्फोट होने से सात लोग मारे गए जबकि आठ से ज्यादा घायल हो गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट गुरुवार देर रात लोरेंटे जिले के एक गांव में हुआ, जो टुमाको से लगभग 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। नारिनो के गवर्नर लुइस अल्फोंसो एस्कोबार ने कहा कि विस्फोट के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह घटना सशस्त्र संघर्ष से संबंधित नहीं थी।

## अमेरिका में रखे स्वर्ण भंडार को वापस लाए बर्लिन, जर्मन सांसद ने जताई चिंता

**बर्लिन।** जर्मनी की एक सांसद ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अनिश्चित और अप्रत्याशित' नीतियों का हवाला देते हुए अमेरिका में रखे देश के स्वर्ण भंडार को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। जर्मनी की फ्री डेमोक्रेटिक पार्टी (एफडीपी) की सांसद मैरी-एग्नेस स्ट्रैक-जिम्मरमैन ने जर्मन पत्रिका डेर पीगल से कहा कि बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच स्वर्ण भंडार को अमेरिका में रखना अब स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भंडार की वापसी से जर्मनी की आर्थिक और सुरक्षा नीति में संप्रभुता मजबूत होगी। सुस्ट्रैक-जिम्मरमैन ने कहा कि मौजूदा वैश्विक हालात में यह कदम रणनीतिक जोखिम को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में और राष्ट्रपति ट्रम्प की अप्रत्याशित अमेरिकी नीतियों के तहत यह अब स्वीकार्य नहीं है कि 1230 टन से अधिक की कीमत के जर्मनी के लगभग 37 प्रतिशत स्वर्ण भंडार न्यूयॉर्क में रखे जाएं। जर्मनी का केंद्रीय बैंक बुंडेसबैंक वंर्तमान में न्यूयॉर्क स्थित अमेरिकी केंद्रीय रिजर्व में 1236 टन सोना रखता है, जिसकी कीमत लगभग 178 अरब डॉलर आंकी गई है।

# ईरान पर हमला करने की तैयारी में अमेरिका!

## तेजी से बढ़ रहा जंगी बेड़ा, ईरानी नेता बोले: खाड़ी के सभी अमेरिकी मिलिट्री बेस हमारे निशाने पर

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्प पर विचार कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने ऐसे सैन्य विकल्पों की मांग की है, जिनका असर 'निर्णायक' हो। रक्षा मंत्रालय पेंटागन और व्हाइट हाउस ने इन पर काम करना शुरू कर दिया है। इनमें ईरानी शासन को सत्ता से हटाने की योजना भी शामिल है।

दूसरी तरफ आज अमेरिकी जंगी बेडा यूएस अब्राहम लिंकन भी मिडिल ईस्ट पहुंच सकता है। इसके चलते आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका ईरान पर कोई अचानक सैन्य कार्रवाई कर सकता है। अमेरिकी गतिविधियों के जवाब में ईरानी सुप्रीम काउंसिल के जावेद अकबरी ने कहा है कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के सभी सैन्य अड्डे ईरान के निशाने पर हैं। हमारी मिसाइलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी जंगी जहाज यूएसएस अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अरब सागर में अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनसीओएम) के जोन में आ चुका है। साथ ही अमेरिका का सी 37-बी एयरक्राफ्ट भी ईरान के उत्तर में तुर्कमेनिस्तान के अशगाबाद बेस पहुंच गया है। यूएसएस अब्राहम लिंकन पहले साउथ चाइना सी में तैनात था। 18 जनवरी को यह मलक्का स्ट्रेट पार कर हिंद महासागर में दाखिल हुआ। यूएसएस अब्राहम लिंकन 20 नाट से ज्यादा की रफ्तार से आगे बढ़ा और बाद में अपनी लोकेशन छिपाने के लिए आटोमैटिक पहचान सिस्टम बंद कर दिया। इसी रफ्तार से चलने पर आज मिडिल ईस्ट में पहुंच सकता है। अब्राहम लिंकन के साथ कई डिस्ट्रायर जहाज और न्यूक्लियर पनडुब्बियां भी चल रही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर पर 48 से 60 एफ/ए-18 फाइटर जेट मौजूद हैं। ए बिना ईंधन भरे 2300 किलोमीटर दूर तक हमला कर सकते हैं। यूएसएस एयरफोर्स ने जार्डन में कम से कम 12 एफ-15 फाइटर जेट्स तैनात किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि और विमान भी रास्ते में हैं। 20 से 22 जनवरी के बीच अमेरिकी सी-17 सैन्य ट्रांसपोर्ट विमान कई बार जार्डन के मफराक अल-खवाजा एयरबेस पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक इन विमानों से पैट्रियट-3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लाए गए हैं। इनका मकसद इजरायल को ईरान की जवाबी कार्रवाई से बचाना है, क्योंकि तेहरान पहले ही बदले की धमकी दे चुका है। इसके अलावा हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर लगातार कार्गो विमान उतर रहे हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका संभावित सैन्य आपरेशन के लिए रसद और सैनिकों की तैनाती कर रहा है। एक अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि मिडिल ईस्ट में अतिरिक्त एयर-डिफेंस सिस्टम तैनात करने पर भी विचार चल रहा है, ताकि इलाके में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को ईरान के संभावित हमले से बचाया जा सके। एक वरिष्ठ ईरानी सैन्य अधिकारी जनरल अली अब्दोल्लाही अलीअबादी ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने हमला किया तो मिडिल ईस्ट में उसके सभी सैन्य अड्डे और इजराल के केंद्र ईरान के निशाने पर होंगे। दूसरी तरफ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) के कमांडर ने मोहम्मद पाकपुर ने कहा कि उनकी सेना की उंगली ट्रिगर पर है। गुरुवार को एक लिखित बयान में पाकपुर ने कहा कि ईरान की सेना पहले से ज्यादा तैयार है। इजरायल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकात ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान ने इजरायल के खिलाफ फिर से कोई हमला किया, तो उसे पहले से 'सात गुना ज्यादा ताकत' से जवाब दिया जाएगा।



■ हमारी मिसाइलें आदेश के इंतजार में दुश्मन पर गरजने को तैयार हैं, ईरानी सुप्रीम काउंसिल ने रुख साफ किया

## कनाडा को खा जाएगा चीन: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिए कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को 'खा सकता' है। ट्रम्प ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किए गए एक पोस्ट में कहा कि कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाए, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जाएगा। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि 'नियम-आधारित व्यवस्था' लुप्त होती जा रही है। उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था। इस बीच, ट्रम्प ने दावोस में अपने भाषण के दौरान कहा था कि कनाडा अमेरिका की वजह से जिंदा है। यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान दो।

# जॉर्जिया में घरेलू हिंसा गोलीबारी, भारतीय मूल के चार लोगों की हत्या

**लॉरेंसविले।** अमेरिका के जॉर्जिया राज्य के ग्विनेट काउंटी में एक दिल दहला देने वाली घटना में पारिवारिक विवाद के बाद हुई गोलीबारी में भारतीय मूल के चार युवाओं की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार तड़के हुई इस वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।

फॉक्स मीडिया ने बताया कि ग्विनेट काउंटी पुलिस विभाग को तड़के लगभग 2:30 बजे ब्रुक आइवी कोर्ट स्थित एक घर में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर अधिकारियों को घर के अंदर चार वयस्कों के शव मिले, जिन्हें गोलियां लगी थीं। पुलिस ने मृतकों की पहचान विजय कुमार की पत्नी मीमू डोगरा (43), गौरव कुमार (33), निधि चंदर (37) और हरीश चंदर (38) के रूप में की है। जांचकर्ताओं के अनुसार मुख्य आरोपी विजय कुमार (51) का पत्नी मीमू डोगरा के साथ अटलांटा स्थित उनके घर पर विवाद हुआ था। इसके बाद वे अपने 12 वर्षीय बच्चे के साथ लॉरेंसविले स्थित इस घर में पहुंचे, जहां उनके रिश्तेदार गौरव, निधि और हरीश दो अन्य बच्चों (उम्र सात और दस वर्ष) के साथ रहते थे। वहां पहुंचने के बाद भी विवाद नहीं थमा और विजय ने गोलीबारी शुरू कर दी। गोलियां चलते देख तीनों बच्चे अपनी जान बचाने के लिए एक अलमारी के पीछे छिप गए और सबसे बड़े 12 वर्षीय बच्चे ने 911 पर कॉल कर पुलिस को जानकारी दी। जब पुलिस पहुंची, तो उसने पाया कि आरोपी का वाहन वहीं मौजूद था। पुलिस ने श्वान दल की मदद से आरोपी को पास के जंगल से बिना किसी विरोध के उसे गिरफ्तार कर लिया। गनीमत रही इस घटना में बच्चों को कोई चोट नहीं आई और उन्हें परिवार के एक सदस्य को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी विजय पर हत्या, गंभीर हमले और बच्चों के प्रति क्रूरता सहित कई संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि इस घर से पहले भी पुलिस सहायता के लिए कॉल की गई थीं।

■ वारदात के समय घर के भीतर तीन बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने अलमारी के पीछे छिपकर जान बचाई

# अफगान जंग पर ट्रम्प के बयान से नाराज यूरोपीय देश

## ट्रम्प बोले थे: नाटो अफगान में लड़ाई से दूर रहा, ब्रिटिश पीएम बोले: यह सैनिकों का अपमान

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अफगानिस्तान में यूरोपीय सैनिकों के बारे में दिए गए बयान को अपमानजनक और चौंकाने वाला बताया है। ट्रम्प ने फाक्स नेटवर्क के एक इंटरव्यू में कहा था कि अमेरिका को कभी नाटो गठबंधन की जरूरत नहीं पड़ी और यूरोपीय सहयोगी अफगानिस्तान में फ्रंट लाइन्स से पीछे रहे थे। उन्होंने दावा किया कि सहयोगी देशों ने कुछ सैनिक भेजे जरूर थे, लेकिन वे मुख्य लड़ाई से दूर रहे। इस बयान पर यूरोपीय देशों के नेताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों ने ट्रम्प के खिलाफ नाराजगी जताई।

स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रम्प के इन बयानों को अपमानजनक मानता हूं। इससे उन लोगों के परिजनों को बहुत दुख पहुंचा है जिन्होंने अफगानिस्तान में अपनी जान गंवाई या घायल हुए। उन्होंने आगे कहा कि अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते। ब्रिटेन ने अफगानिस्तान युद्ध में 457 सैनिक खोए, जो 1950 के दशक के बाद सबसे घातक विदेशी युद्ध था। ब्रिटिश प्रिंस हैरी ने कहा कि नाटो सैनिकों के बलिदान को सच्चाई और सम्मान के साथ याद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, श्मैं वहां सेवा दे चुका हूं। मैंने आजीवन दोस्त बनाए और कई दोस्त खोए भी। प्रिंस हैरी ब्रिटेन के राजा चार्ल्स ппп के छोटे बेटे हैं और वे वेल्स के प्रिंस विलियम के छोटे भाई हैं। वे डड्यूक ऑफ ससेक्स के खिताब से जाने जाते हैं। प्रिंस हैरी ब्रिटिश आर्मी में सेवा दे चुके हैं, वे दो बार अफगानिस्तान में तैनात हुए थे। प्रिंस हैरी अपाचे हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। अफगानिस्तान युद्ध में उनकी सेवा काफी चर्चित रही और उन्होंने कई बार कहा है कि सेना ने उन्हें एक बड़ा मकसद दिया था। प्रिंस हैरी ने एक बयान जारी कर कहा कि नाटो के सैनिकों ने अनुच्छेद 5 के आह्वान पर जवाब दिया था। इन सैनिकों के बलिदानों को सच्चाई और सम्मान के साथ बोला जाना चाहिए। यूरोपीय देश बोले: हमने साथ मिलकर लड़ाई की, इसे नहीं भुलाया जा सकता डच विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ट्रम्प के बयान को झूठा बताया। पोलैंड के पूर्व विशेष बल कमांडर और रिटायर्ड जनरल रोमन पोल्को ने कहा कि ट्रम्प ने हद पार कर दी है। उन्होंने कहा कि हमने इस गठबंधन के लिए खून बहाया, अपनी जानें दीं। हमने साथ मिलकर लड़ाई की लेकिन सभी घर नहीं लौटे। पोलैंड के रक्षा मंत्री व्लादिस्लाव कोसिनियाक-कामिश ने कहा कि पोलैंड के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



■ अगर खुद उन्होंने ऐसा कोई गलत बयान दिया होता तो वे लोगों से माफी मांगते: कीर

## ड्रग्स मिलने के बाद तीन ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों के खिलाफ मामला दर्ज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने थाईलैंड से 42 किलोग्राम अवैध ड्रग्स की तस्करी के प्रयास के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस और ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने शनिवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि शुक्रवार को थाईलैंड से आ रही उड़ान से सिडनी हवाई अड्डे पर पहुंचते ही अधिकारियों ने तीन लोगों को रोक लिया। बाद में उनके सामान की तलाशी में कथित तौर पर अलग-अलग पैकेट में लिपटी हुई सफेद रंग की ईंटें मिलीं, जिनकी जांच में मेथम्फेटामाइन और हेरोइन की पुष्टि हुई। एएफपी अधिकारियों ने 34 किलोग्राम हेरोइन और आठ किलोग्राम मेथम्फेटामाइन जब्त की।

# ईरान ने की यूरोपीय संसद के 'हस्तक्षेपकारी गैर जिम्मेदार' प्रस्ताव की निंदा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को हालिया अशांति के दौरान मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर ईरानी शासन की आलोचना करने वाले यूरोपीय संसद के प्रस्ताव की कड़ी निंदा करते हुए उसे 'हस्तक्षेपकारी और गैर-जिम्मेदार' करार दिया।

यूरोपीय संसद ने गुरुवार को ईरानी जनता के प्रति 'पूर्ण एकजुटता' व्यक्त करते हुए ईरान सरकार पर मानवाधिकार उल्लंघनों का आरोप लगाया था और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कोर (आईआरजीसी) को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का आह्वान किया था। ईरान की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है।

■ यह प्रस्ताव 'झूठे और गलत' दावों पर आधारित है और इसमें नैतिक आधार का अभाव है

बयान में यूरोपीय संघ द्वारा ईरान पर लगाए गए प्रतिबंधों के समर्थन, अमेरिकी अवैध प्रतिबंधों के पालन और इजरायल के साथ कथित सैन्य कार्रवाइयों में मिलीभगत का हवाला दिया गया। ईरान ने कहा कि क्रूर प्रतिबंधों का समर्थन करने, ईरान पर अमेरिका के अवैध प्रतिबंधों का पालन करने और जून में देश के खिलाफ सैन्य आक्रामकता में इजरायल की कथित भूमिका के साथ खड़े रहने के कारण यूरोपीय संसद को मानवाधिकारों पर उपदेश देने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। बयान में कहा गया कि ईरान अपने नागरिकों की सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए बाध्य है तथा किसी भी आतंकवादी कृत्य या विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आवश्यक कदम उठाएगा। ईरान ने चेतावनी दी कि उसकी सशस्त्र और सुरक्षा एजेंसियों के खिलाफ किसी भी 'अवैध और हस्तक्षेपकारी' निर्णय या रुख के जवाब में वह प्रतिकारात्मक कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि 28 दिसम्बर को ईरान के कई शहरों में रियाल मुद्रा के तेज अवमूल्यन के विरोध में प्रदर्शन शुरू हुए थे। ईरानी सरकार ने आर्थिक शिकायतों के समाधान की इच्छा जताई थी, लेकिन हिंसा, तोड़फोड़ और अशांति के खिलाफ चेतावनी भी दी थी। प्रारंभ में शांतिपूर्ण रहे ए प्रदर्शन धीरे-धीरे हिसक हो गए, जिनमें जान-माल का नुकसान हुआ।

## तापसी पन्नू की फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म 'अस्सी' का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्मकार अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अस्सी' एक ऐसा सवाल उठाती है, जो हर दिन हमारे सामने होता है, लेकिन जिसे हम अक्सर अनदेखा कर देते हैं।

मोशन पोस्टर के जरिए जैसे-जैसे फिल्म से जुड़ी और जानकारी सामने आ रही है, वैसे-वैसे इसके इरादे पूरी तरह स्पष्ट होते जा रहे हैं। टी-सीरीज, अपनी विविधतापूर्ण फिल्मोग्राफी में 'अस्सी' के जरिए एक नया रंग जोड़ता है। बनारस मीडिया वर्क्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में तापसी पन्नू मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। उनके साथ फिल्म में कनी कुसरुति, रेवती, मनोज पाहवा, कुमुद मिश्रा, जीशान अय्यूब अहम भूमिकाओं में हैं, जबकि नसीरुद्दीन शाह, सुप्रिया पाठक और सीमा भार्गव विशेष भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म 'अस्सी' एक बेबाक और सघन इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर है, जो एक तीव्र और प्रभावशाली कोर्टरूम ड्रामा के जरिए सामने आती है। फिल्म खत्म होने के बाद मन में सवाल रह जाता है कि क्या मुझे यह पहले नहीं पता था, या फिर पता होते हुए भी मैंने नजरअंदाज कर दिया। न्याय जरूरी है, लेकिन उससे पहले न्याय की परिभाषा तय होनी चाहिए। क्या दोषी साबित किए गए लोग ही असली गुनहगार हैं। गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत और बनारस मीडियावर्क्स प्रोडक्शन की फिल्म 'अस्सी' को भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और अनुभव सिन्हा ने निर्मित किया है।

# अमेरिका के 18 राज्यों में बर्फीले तूफान का खतरा

## इमरजेंसी घोषित, 20 करोड़ लोगों पर संकट, 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान की चेतावनी के बाद 18 राज्यों में इमरजेंसी ने घोषित कर दी गई है। वहीं दो दिनों में 7000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, 20 करोड़ यानी करीब दो-तिहाई अमेरिकी इस तूफान की चपेट में आ सकते हैं। तूफान के डर से लोग ग्रासरी स्टोर पर जमा हो रहे हैं। कई दुकानों में पानी, अंडे, मक्खन और मीट की कमी हो गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तूफान के साथ भारी बर्फबारी, बारिश और ठंड आएगी, जिससे हालात बेहद खतरनाक हो सकते हैं। ट्रांसपोर्टेशन अधिकारियों ने वीकेंड पर यात्रा में देरी और कैंसिलेशन की चेतावनी दी है। कई बड़े शहरों के एयरपोर्ट भी इससे प्रभावित हुए हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, शनिवार को अमेरिका में 3200 से अधिक उड़ानें और रविवार को करीब 4800 से उड़ानें रद्द हुईं। अमेरिका में बर्फीले तूफान के कारण 15 राज्यों में चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक यह तूफान अमेरिका के हाई प्लेन्स से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्व की ओर बढ़ेगा। इसके असर से मेम्फिस, नैशविल, वाशिंगटन डीसी, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयार्क जैसे बड़े शहरों में बर्फबारी होगी। सदर्न राकीज और प्लेन्स से लेकर मिड-अटलांटिक होते हुए नार्थ-ईस्ट तक भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। एनडब्ल्यूएस के अनुसार, कोलोराडो से लेकर वेस्ट वर्जीनिया और बोस्टन तक कई इलाकों में 12 इंट से ज्यादा बर्फ पड़ सकती है। न्यूयार्क शहर के आसपास के कुछ हिस्सों में रविवार सुबह से सोमवार तक 10 से 14 इंच बर्फबारी हो सकती है और 30 मील प्रति घंटे की हवाएं चल सकती हैं। दक्षिण-पूर्वी अमेरिका के बड़े हिस्से में भी जमने वाली ठंड होगी। अमेरिका के कई राज्य इस समय भीषण ठंडी हवाओं से जूझ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह पोलर वोर्टेक्स (ध्रुवीय भंवर) को माना जा रहा है। पोलर वोर्टेक्स में हवाएं काउंटर क्लाकवाइज (घड़ी की उलटी दिशा) बहती हैं।



# जापान में निचला सदन भंग करने की विपक्ष ने की आलोचना

**टोक्यो।** जापान की कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची द्वारा निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) को भंग किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि इस कदम का कोई 'औचित्य' नहीं है।

जापान के निचले सदन को शुक्रवार को औपचारिक रूप से भंग कर दिया गया। यह पिछले 60 वर्षों में पहली बार है, जब संसद के नियमित सत्र की शुरुआत के दिन ही निचले सदन को भंग कर दिया गया है। जापान की संसद का सामान्य सत्र शुक्रवार को ही शुरू हुआ था, जिसमें अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026 के प्रारंभिक बजट पर चर्चा और उसे पारित करना प्रमुख कार्यसूची में शामिल था। निचले सदन को भंग किए जाने से बजट समीक्षा प्रक्रिया में उल्लेखनीय देरी की आशंका जताई जा रही है। क्योदो न्यूज के अनुसार, नवगठित प्रमुख विपक्षी दल सेंट्रिस्ट रिफॉर्म अलायंस के सह-नेता योशिहिको नोदा ने कहा कि जब देश गंभीर और तात्कालिक समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में सदन भंग करने का कोई औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि मुझे निचले संद को भंग करने का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। डेमोक्रेटिक पार्टी फॉर द पीपल के प्रमुख युइचिरो तमाकी ने कहा कि यह 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' है कि अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज करके निचला सदन भंग कर दिया गया है।


सहकारी गन्ना विकास समिति, कांठ, मुरादाबाद
सभी गन्ना किसानों, क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
रामकिशन सिंह
जिला गन्ना अधिकारी
कुंवर सुरेन्द्र सिंह
चेयरमैन
खेत सिंह
सचिव
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुखवीर सिंह
अधिशासी अध्यक्ष
अवध शुगर एण्ड एनर्जी लिमिटेड
यूनिट, स्योहारा, जिला बिजनौर
सभी गन्ना किसानों, क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
● गन्ना भुगतान में अग्रणी ● आपकी सेवा में सदैव तत्पर


HOWARD CONVENT SEC. SCHOOL
Affiliated To C.B.S.E., New Delhi, Aff. No. 2132869
3 Km. Mile Stone, Near Garhi, Dhampur Road, Kanth, Moradabad
www.howerdconventschool.com
e-mail: howerdconventschool@gmail.com
Happy Republic Day All of You
Mr. Deepesh Singh M.D.
Mob. 9319985501
Smt. Renu bishnoi
Principal


भीम आर्मी (भारत एकता मिशन)
आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)
की ओर से
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
वसीम चौधरी
M. 9760444045


मा. अखिलेश यादव
पूर्व मुख्यमंत्री, उ0प्र0
मा. कमाल अख्तर
सपा विधायक, कांठ
जयवीर यादव
जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद
अनवर सैफी
युवा नेता समाजवादी पार्टी
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अंजार अहमद खां
अंजार अहमद खां संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड-13, मुरादाबाद
संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत


एहले वतन को
गणतंत्र दिवस की तहेदिल से मुबारकबाद
फिरोज अनवर
विनोद गुम्बर
हाजी रिज़वान कुरैशी


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मुकेश माहेश्वरी
संयुक्त सचिव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महासभा एवं प्रबंधक महर्षि दयानंद इंटर कालेज कांठ, मुरादाबाद


आप सभी को संविधान दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन चौधरी
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत सलेमपुर ब्लाक छजलैट (मुरादाबाद)


मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
आकाश पाल
जिलाध्यक्ष, मुरादाबाद
राजेश कुमार चुन्नू
पूर्व विधायक कांठ
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजपाल सिंह प्रजापति
राजपाल सिंह प्रजापति पूर्व कांठ मण्डल अध्यक्ष भाजपा, मुरादाबाद
पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा


विधानसभा 25 कांठ क्षेत्र की आवाम, सपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मित्रों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई
मुबारकबाद
आपका अपना
कमाल अख्तर
विधायक 25-विधानसभा कांठ
पूर्व कैबिनेट मंत्री उ0प्र0 सरकार
पूर्व राष्ट्रीय सचिव सपा
पूर्व सांसद राज्य सभा
पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष युवजन सभा
मुख्य सचेतक विधानसभा
कमाल अख्तर
निवेदकः-समाजवादी पार्टी, कांठ, मुरादाबाद


देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
एड0 प्रदीप कुमार विश्नोई
पूर्व अध्यक्ष विश्नोई महासभा उत्तर प्रदेश
डा0 छाया रानी
प्रोफेसर दयानंद आर्य कन्या डिग्री कालेज मुरादाबाद एवं सदस्या कार्यकारिणी जम्भवाणी साहित्य अकादमी बीकानेर राजस्थान



डा. कपिल सिरोही
(ब्लाक अध्यक्ष)
मो. रिजवान अहमद
कोषाध्यक्ष
शमीम अहमद
उपाध्यक्ष
दिनेश कुमार
उपाध्यक्ष
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट (मुरादाबाद)


मा0 वीरेन्द्र सिंह
पंकज दिवाकर
शुजा उल हक
सुरेन्द्र कुमार विश्नोई
ब्लाक छजलैट मुरादाबाद क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
"शिक्षकों की सेवा में सदैव संघर्षशील"
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बद्ध
भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट, मुरादाबाद


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी फहीम उर्फ लालू
प्रधान पति ग्राम पंचायत गढ़ी ब्लाक छजलैट, मुरादाबाद


मा. अखिलेश यादव
पूर्व मुख्यमंत्री, उ0प्र0
मा. कमाल अख्तर
अरमान कुरैशी
दादरीवाल इलेक्ट्रिक इंटरप्राइजेज
के सौजन्य से 26 जनवरी
गणतंत्र दिवस एवं शिवरात्रि
की सभी क्षेत्रवासियों को
बहुत-बहुत शुभकामनाएं
बृजेश चौधरी उर्फ विजेन्द्र सिंह
कैलाश कुमार दादरीवाल पूर्व प्रत्याशी जिला पंचायत वार्ड नं. 11


गणतंत्र दिवस 2026
की हार्दिक शुभकामनाएं
वीर अहीर
डॉ. सुशील कुमार यादव
वरिष्ठ भाकियू नेता


समस्त छात्र-छात्राओं, सम्मानित अभिभावकों एवं कालेज स्टाफ को
77 वें गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मा0 शमीम अहमद
(प्रधानाध्यापक)
मा0 शमीम अहमद
प्रधानाध्यापक
उच्च प्राथमिक विद्यालय मझौला बिल्लौच (बिजनौर)
अरमान कुरैशी


समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ व देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Admission open
Nursery to Above
First ICSE School in Kanth and near by
Aqeel Ahmad
President
THE MILLAT SCHOOL
Naya Gaon, Akbarpur Road
Kanth (Moradabad) 244501
MOB: 7300728383, 7300728484


समस्त सम्मानित क्षेत्रवासियों व देशवासियों को
77 वें
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजीत सिंह एडवोकेट


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी उस्मान अली
सैय्यद मोअज़्ज़म अली उर्फ आज़म


सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिन्तकों को शाह टाइम्स परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं


भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ओर से समस्त देश वासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. ऋषिपाल सिंह
दर्शन सिंह
तहसील अध्यक्ष कांठ
अंगद चौधरी
ब्लाक अध्यक्ष छजलैट